उज्जैन
सोमवार
09
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-98
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



5 साल बाद रिया चक्रवर्ती की एक्टिंग में वापसी वेब सीरीज फैमिली बिजनेस में आएंगी नजर, एक्ट्रेस की वापसी पर फैंस खुश

पेज- 8

## अगर सवा करोड़ बांग्लादेशी हिंदू खड़े हुए तो दुनिया भर से समर्थन मिलेगा



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने संघ की शताब्दी व्याख्यान श्रृंखला के दौरान कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी स्पष्ट और विस्तृत राय रखी। वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में आयोजित कार्यक्रम ह्यसौ वर्ष का संघ प्रवास नई दिशाएं में संबोधन के दौरान उन्होंने विशेष रूप से बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की स्थिति, भारत में जनसंख्या संतुलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक दृष्टिकोण और संघ की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। मोहन भागवत ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के सामने आ रही चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां लगभग सवा करोड़ हिंदू रहते हैं और यदि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का निर्णय लेते हैं तो दुनिया भर का हिंदू समाज उनके साथ खड़ा होगा।

## महात्मा फुले की प्रतिमा तोड़फोड़ पर भड़के छगन भुजबल केंद्र से सख्त कार्रवाई की मांग

**मुंबई।** सामाजिक सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा से कथित तोड़फोड़ के मामले ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। महाराष्ट्र सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल ने इस घटना को गंभीर बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह घटना 6 फरवरी को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सामने आई थी। छगन भुजबल ने अपने पत्र में इस घटना को सामाजिक समानता और न्याय के मूल्यों पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि समाज में समानता, शिक्षा और शोषित वर्गों के सशक्तिकरण के प्रतीक हैं।

## जापान चुनाव में प्रधानमंत्री तकाइची की बड़ी जीत



**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीबीसी के मुताबिक, एलडीपी के गठबंधन को 465 में से 352 सीटें मिली हैं। एलडीपी अकेले 316 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं। यह पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक मानी जा रही है। इससे पहले 1986 में पार्टी ने 300 सीटें जीती थीं। चुनाव जीतने के बाद ताकाइची ने कहा कि वह जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगी।

## गुरुग्राम में 500 करोड़ का रियल एस्टेट घोटाला

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम में सामने आए एक बड़े रियल एस्टेट घोटाले ने प्रॉपर्टी बाजार और निवेशकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुग्राम पुलिस ने करीब 500 करोड़ रुपये के कथित संपत्ति घोटाले के मामले में 32ल्ला एवेन्यू के निदेशक ध्रुव दत्त शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने एक ही व्यावसायिक भवन के एक फ्लोर को 25 से अधिक लोगों को बेच दिया और बाद में उसी फ्लोर को लीज पर लेकर कारोबार करता रहा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी ध्रुव दत्त शर्मा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया और शहर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई जनवरी में दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर की गई, जो ट्रैम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा सिविल लाइंस थाने में दी गई थी।

### सीएम हेल्पलाइन की हकीकत

# राजस्व और स्वास्थ्य जैसे बड़े महकमे जनता की समस्याएं सुलझाने में पीछे

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शहर के लोग भले ही अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए सीएम हेल्प लाइन की मदद लेते हो लेकिन जो जानकारी यर्थाथ में सामने आई है उसके अनुसार पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी जनता की समस्याएं दूर करने में राजस्व और स्वास्थ्य जैसे बड़े महकमे पीछे है। यही हाल कृषि, स्कूल व उच्च शिक्षा, पीडब्ल्यूडी जैसे विभागों के भी है।

प्रदेश सरकार ने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था शुरू की थी। लेकिन विभागीय अफसरों की सुस्ती के कारण सीएम हेल्पलाइन खुद हेल्पलेस हो गई है। गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन में हर माह आ रहीं हजारों शिकायतों के निपटारे के लिए सरकार ने ग्रेडिंग की व्यवस्था बनाई है। हाल ही में आई दिसंबर की रिपोर्ट में कई अहम विभाग पीछे रह गए हैं, तो ऊर्जा, पंचायत और नगरीय विकास ने टॉप 10




में जगह बनाकर रखी। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग लगातार शिकायतों के निपटारे में अव्वल चल रहा है। किसानों, स्कूल व उच्च शिक्षा, पीडब्ल्यूडी के साथ राजस्व और स्वास्थ्य जैसे बड़े महकमे पीछे हैं, जिनसे जनता का सीधा जुड़ाव है। हाल ही में शासन में उच्च स्तर पर बैठक में राजस्व विभाग के तहत आने वाली शिकायतों पर सवाल खड़े हुए थे। इसमें बंटवारा, नामांतरण की शिकायतें भी पेंडिंग हैं। हर माह हो रही ग्रेडिंग ने भी इसकी पुष्टि की है।

### निपटारें के आधार पर विभागों की ग्रेडिंग

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटारें के आधार पर विभागों की ग्रेडिंग होती है। विभिन्न पैमानों पर आकलन कर उन्हें नंबर दिए जाते हैं। संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों पर 60 प्रतिशत, 50 दिन से ज्यादा लंबित शिकायतों के निपटारे पर 10 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों को हल करने पर 10 प्रतिशत, जिन शिकायतों को नहीं देखा गया (नॉट अटेंडेंट), उन्हें हल करने पर 10 प्रतिशत और मान्य/अमान्य शिकायतों के निपटारे पर 10 प्रतिशत अंक दिया जाता है। दिसंबर में आई ग्रेडिंग में 30 बड़े विभागों के समूह में ऊर्जा पहले-दूसरे नंबर पर टिका रहा, वहीं टॉप 5 में नगरीय विकास भी रहा। वहीं 24 छोटे विभागों में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग लगातार अव्वल हैं, वहीं उद्योग, संस्कृति व पर्यटन विभाग पीछे हैं।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री



ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

उत्तराखंड में आज 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही। इन शहरों का न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री और 5 डिग्री रहा। उत्तर प्रदेश के 19 और बिहार के 5 जिलों में आज घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन इलाकों में सुबह और देर रात विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है। 9 से 11 फरवरी के बीच उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

## बहोरीबंद से कटनी आ रही बस पलटी 20 से अधिक यात्री घायल, दो गंभीर

ब्रह्मास्त्र » कटनी

बहोरीबंद से कटनी आ रही एक यात्री बस रविवार 8 जनवरी की देर शाम को बिलहरी चौकी अंतर्गत बरखेड़ा मार्ग पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार 20 से अधिक लोगों को चोट आई है। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पर उनका इलाज जारी है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बस के पलटने का कारण यात्रियों ने चालक के नशे में होना बताया है। जानकारी के अनुसार पांडे बस सर्विस बहोरीबंद से कटनी शाम को आ रही थी। इसी दौरान बरखेड़ा कनकी मार्ग में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हुई और पलटी खाते हुए सड़क किनारे जा गिरी। दुर्घटना के बाद लोगों की चीख



पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। पुलिस को सूचना देते हुए ग्रामीणों ने घायलों को बस के कांच तोड़कर बाहर निकाला। इस बीच बिलहरी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस 108 से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बस चालक नशे में था और उसकी लापरवाही से हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अमेरिका भारत को 25% पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली



अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50% से घटाकर 18% किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25% टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा।

**कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी, रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी**

यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। यूएस ट्रेजरी के अनुसार अमेरिका ने विदेश से आयातित वस्तुओं पर 2024 में 79 अरब डॉलर का टैरिफ वसूला। 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 194 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका के आयात में भारत की हिस्सेदारी 3.5% है। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60% हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50% टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा।

# महिला की पिटाई का वीडियो वायरल

## बीजेपी नेता पर आरोप कांग्रेस ने एफआईआर की मांग उठाई

ब्रह्मास्त्र » भोपाल

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक महिला के साथ कथित मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में एक व्यक्ति महिला को डंडे से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। आरोप है कि यह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा नेता संतोष पाठक है। हालांकि इस मामले में अब तक आधिकारिक तौर पर किसी एजेंसी की पुष्टि सामने नहीं आई है और घटना के कारणों का भी खुलासा नहीं हुआ है।

बताया जा रहा है कि यह घटना



सीधी जिले के सिहावल विधानसभा क्षेत्र की है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। घटना को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले को लेकर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा दिया था, लेकिन बेटियों को बीजेपी नेताओं से बचाने की बात नहीं कही गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सीधी में एक महिला के साथ बीजेपी नेता द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई है। पटवारी ने आगे दावा किया कि प्रदेश में बीजेपी नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में कुछ लोग महिलाओं के खिलाफ अत्याचार कर रहे हैं।



## खबर एक नजर...

### चैकिंग में आटो चालक के पास मिला धारदार चाकू

**उज्जैन।** बड़नगर क्षेत्र में कुछ दिनों पहले पुलिस ने आटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया था और बिना नम्बर, दस्तावेजों के आटो नहीं चलाने की हिदायत दी थी, उसी अभियान को लेकर रविवार आटो चालकों की चैकिंग शुरू की। इस दौरान बिना नम्बर की आटो को रोका गया, जिसका चालक फिरोज पिता रशीद निवासी शाहजीपुरा था, पुलिस ने दस्तावेज मांग और नम्बर नहीं होने की जानकारी पूछी। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से धारदार चाकू बरामद हो गया। चालक फिरोज को हिरासत में लिया गया और आटो जप्त कर मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

### ढांचा भवन में महिला पर एसिड अटैक का प्रयास

**उज्जैन।** ढांचा भवन में रविवार शाम महिला पर एसिड अटैक का प्रयास किया गया। महिला बच गई लेकिन एसिड़ की दुर्गंध से उसकी हालत बिगड़ गई थी। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि ढांचा भवन में रहने वाली रूकमा पति स्व. मेहरबानसिंह 45 साल को शाम 6 बजे के लगभग रिश्तेदार जसवंतसिंह अस्पताल लेकर पहुंचा था। उसने डॉक्टरों को बताया कि रूकमा पर रिश्ते में लगने वाली 2 महिलाओं ने एसिड़ फेंकने का प्रयास किया। दोनों दवाई की शीशी में एसिड भरकर लाई थी। घटनाक्रम के बाद वह रूकमा को लेकर चिमनगंज थाने पहुंचा, एसिड़ स्वेटर पर गिरा था। लेकिन दुर्गंध से हालत बिगड़ गई। पुलिस ने रूकमा को उल्टियां करते देखा तो पहले उपचार के लिये अस्पताल भेजा है। मामले में थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला बच गई है, एसिड टायलेट साफ करने का हो सकता है। उसके बयान दर्ज किये जायेगे। मामला आपसी लग रहा है।

### दिन में हुआ विवाद, रात को चाकू से किया हमला



**उज्जैन।** गरीब नवाज कालोनी में रहने वाले नाजीम पिता वसीम 16 साल का शनिवार दोपहर बेगमबाग क्षेत्र में रहने वाले शोएब से विवाद हो गया था। दोनों के बीच उस वक्त मामला शांत हो गया। लेकिन रात में शोएब ने अपने दोस्त अप्पा के माध्यम से नाजीम को कॉल करवाया और मिलने के बहाने बुला लिया। नाजीम के आते ही शोएब ने अपने साथी अकबर और शादाब के साथ मिलकर चाकू से वार कर दिये। नाजीम के घायल होने पर उसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि नाजीम कक्षा 11 वीं का छात्र है। महाकाल थाना पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की है।

### श्रद्धालुओं के लिए निजी भूमि पर जुटाई सुविधाएं

**उज्जैन।** शिप्रा तट स्थित अंगारेश्वर महादेव मंदिर में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समाजसेवी निर्भयसिंह पटेल ने एक अनुकरणीय पहल की है। मंदिर आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए वे अपने निजी खर्च से निःशुल्क पार्किंग, सुलभ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पटेल का उद्देश्य है कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालु यहां से सुखद अनुभव और एक अच्छा संदेश लेकर लौटें। इसी भावना के साथ उन्होंने अपनी निजी भूमि जनसेवा के लिए समर्पित कर रखी है। इसके अलावा, स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायत कमेड़ के सरपंच के सहयोग से कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था भी की गई है। समय-समय पर आने वाले प्रमुख त्योहारों पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन और भंडारे का आयोजन भी उनकी ओर से किया जाता है।

# एकता कपूर संग 5 अभिनेत्रियों ने किए महाकाल के दर्शन

## मंगलनाथ मंदिर में भी की विशेष पूजा, अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस ने किए श्री महाकालेश्वर के दर्शन





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय सिनेमा और टीवी की मशहूर निमार्ता एकता कपूर रविवार को उज्जैन पहुंचीं। उनके साथ फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की पांच जानी-मानी अभिनेत्रियां भी थीं। सभी ने पहले श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और फिर मंगलनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

एकता कपूर के साथ दर्शन करने वाली अभिनेत्रियों में दीपशिखा नागपाल, नीलम कोठारी, विद्या मालवदे, सीमा किरण सचदेव और पूजा शामिल थीं। इन सभी कलाकारों ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स, नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली 'रागिनी एमएमए 3' और 'लॉक अप' की सफलता के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी कलाकारों का पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया। कलाकारों ने मंदिर परिसर में कुछ समय ध्यान और पूजा में भी बिताया। महाकाल दर्शन के बाद पूरा दल मंगलनाथ मंदिर पहुंचा, जहां विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी विपिन शर्मा ने बताया कि मंगलनाथ को मंगल ग्रह का अधिपति माना जाता है। यहां दर्शन और पूजा से कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं, इसी विश्वास के साथ लोग यहां आते हैं।

### जैकलिन फर्नांडिस ने किए श्री महाकालेश्वर के दर्शन

फिल्म अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस रविवार को उज्जैन पहुंचीं। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जैकलिन सफेद रंग के भारतीय परिधान (सलवार सूट) में थीं और उन्होंने सिर पर पल्लू ओढ़ा हुआ था। आंखों पर काला चश्मा लगाए जैकलिन नंदी हॉल में बाबा महाकाल के सामने बैठी रहीं। पुजारी यश ने उन्हें बाबा का प्रसाद दिया और तिलक लगाकर पूजन करवाया। मंदिर पहुंचने पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया गया। मंदिर परिसर में जैकलिन पूरी तरह भक्ति भाव में नजर आईं। उन्होंने भगवान महाकाल से सुख-समृद्धि की कामना की।

### माता पार्वती के साथ भक्तों ने किए दिव्य दर्शन

# महाकाल ने शिव नवरात्रि के तीसरे दिन दिए शेषनाग दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्व के तीसरे दिन रविवार को बाबा महाकाल ने अपने भक्तों को माता पार्वती के साथ शेषनाग स्वरूप में दर्शन दिए। आगामी सात दिनों तक बाबा महाकाल विभिन्न स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देते रहेंगे।

देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल मंदिर में शिव नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस वर्ष नवरात्रि दस दिनों की है, जिसके चलते दो दिन भांग से श्रृंगार कर वस्त्र धारण कराए



गए। रविवार को महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के मार्गदर्शन में 11 ब्राह्मणों ने भगवान महाकाल का पंचामृत पूजन और एकादश-एकादशनी रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

अभिषेक के बाद भगवान महाकाल को केसर मिश्रित चंदन का लेप लगाया गया। जलाधारी पर अबीर, गुलाल, कुमकुम, हल्दी और मेहंदी सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई। शाम को बाबा महाकाल का शेषनाग स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें माता पार्वती को उनके मस्तिष्क पर विराजित किया गया। यह विशेष श्रृंगार क्रम 14 फरवरी तक जारी रहेगा।

# हरी सब्जियों की आवक सामान्य, भाव बढ़ सकते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हरी सब्जियों की आवक सामान्य होने से भाव वृद्धि शुरू हो गई। हालांकि इन दिनों टमाटर ही सस्ता बिक रहा है। वहीं हरे बटले की आवक भी कम पड़ गई।

देखा जाए तो गोभी बटला गत माह से चलन में खूब रहा। अब इसे कम ही खरीदा जा रहा है और इसकी आवक भी कम पड़ गई है। भाव अधिक हो गए हैं। होली के बाद हरी सब्जियों की आवक में भारी कमी के चलते महंगे भाव रहेंगे। ऐसा सब्जी विक्रेताओं द्वारा बताया। मंडी में सब्जी के थोक भाव मे फेरबदल भी हो रहा है। कम ज्यादा भाव रहने की स्थिति भी कभी-कभी बन जाती है। सब्जियों के थोक भाव इस प्रकार है- टमाटर 8 से 10 रुपए, मैथी की भाजी



20 से 25, भिंडी 25 से 40, गिलकी 20 से 30, पालक 9 से 12, धनिया 7 से 10, हरी मिर्च 45 से 70, शिमला मिर्च 15 से 20, बैंगन 12 से 15, लौकी 15 से 20, अरबी 16 से 21, पत्तागोभी 7 से 9, करेला 40 से 50, गाजर 8 से 10, कद्दू 12 से 15, सुरजने की फली 45 से 70, ग्वारफली 50 से 60, नींबू 16 से 22, चंवला 20 से 25, बालौर 10 से 15 रुपए है। इसके अलावा अन्य हरी सब्जियों के भाव सामान्य हैं।

# उज्जैन में एमआर-4 मार्ग चौड़ीकरण का विरोध

## सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच 200 परिवारों पर बेघर होने का खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच विकास और विस्थापन को लेकर टकराव सामने आया है। प्रशासन की एमआर-4 मार्ग को 24 मीटर चौड़ा करने की योजना के विरोध में दारू गोदाम, अमर नगर और प्रीति नगर क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी सड़कों पर उतर आए हैं। यह प्रस्तावित मार्ग राणकेश्वर धाम से गाड़ी अड्डा होते हुए शिप्रा नदी के बड़े पुल तक तय किया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि




वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन अपने घरों की कीमत पर विकास स्वीकार नहीं कर सकते। उनका स्पष्ट मत है कि वे 'विकास के खिलाफ नहीं, विनाश के खिलाफ' हैं।

प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घरों और दुकानों पर विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। रहवासियों का दावा है कि यदि 24 मीटर चौड़ीकरण लागू किया गया, तो 150 से 200 परिवार पूरी तरह बेघर हो जाएंगे। गलियों में नारों की गूंज और लोगों के चेहरों पर डर व असमंजस साफ देखा जा सकता है।

स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि 24 मीटर के स्थान पर 15 मीटर चौड़ीकरण किया जाए। उनका तर्क है कि इससे सड़क का विकास भी होगा और लोगों के आशियाने भी सुरक्षित रह सकेंगे। प्रभावित महिलाओं और बुजुर्गों में अपने घरों को खोने की चिंता स्पष्ट दिख रही है। एक महिला ने बताया कि उन्होंने जीवन भर की कमाई से ये घर बनाए हैं और इनके टूटने पर उनके पास कुछ नहीं बचेगा।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि मार्ग के अलग-अलग हिस्सों में कहीं 15 मीटर, कहीं 18 मीटर और कहीं 24 मीटर चौड़ाई तय की गई है। इस भिन्नता के कारण पूरे क्षेत्र में भ्रम और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

उज्जैन
सोमवार
09
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टस्त्रीभरणेन च। दुःखितैः सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥
अर्थः मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुःखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुःखी हो ही जाता है।

## खबर एक नजर...

### दूध विक्रेता ने मरने से पहले दिया बयान, क्रिकेट बुकी सहित पांच लोगों के नाम बताए

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाले दूध विक्रेता आकाश तिवारी ने बुधवार को जहर खा लिया था। बड़े गणपति से उसने अपने भाई विकास को कॉल किया। दूसरी बार बातचीत होने पर विकास ने आकाश को बाठिया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां दिए बयान में उसने एक क्रिकेट बुकी, एक महिला और अन्य तीन लोगों के नाम बताए। पुलिस ने उनकी डिटेल परिजनों से मांगी है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक, आकाश तिवारी की मौत के मामले में परिवार के बयान दर्ज होने के बाद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है। बताया जा रहा है कि क्रिकेट मैच के सट्टे में आकाश पर करीब 20 लाख रुपए का कर्ज था। कर्जदाता उससे 10 से 15 प्रतिशत ब्याज भी वसूल रहे थे, जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। आत्महत्या से पहले उसके द्वारा वीडियो बनाने की बात सामने आई है, लेकिन पुलिस को वह वीडियो नहीं मिला है। टीआई वेरेन्द्र सिंह कुशवाह के अनुसार, आकाश तिवारी ने आत्महत्या से पहले जांच अधिकारी को एक बयान दिया था, जिसका वीडियो भी बनाया गया है। इस बयान में उसने संजय उर्फ संजू पंवार, पम्मी, हरी सोनी, नरेन्द्र की पत्नी और एक क्रिकेट बुकी के नाम बताए हैं। फिलहाल बयान में प्रताड़ना का उल्लेख नहीं है। पत्नी के बयान के बाद ही आरोपियों पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

### पुलिस चेकिंग देखकर भागा बाइक चोर, घेराबंदी कर पकड़ा, 5 बाइकें जब्त

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को पकड़ा है। उसके पास से चोरी की पांच बाइकें बरामद हुई हैं। आरोपी शौक पूरा करने के लिए बाइकें चुराता था। उसके खिलाफ हीरानगर थाने में पहले भी चोरी का एक मामला दर्ज है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, पुलिस टीम ने मयंक उर्फ चिराग, पिता गोपाल अठोनिया, निवासी सेठी नगर, विजयनगर को पकड़ा है। आरोपी पुलिस की चेकिंग देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पांच बाइकें चुराना कबूल किया है। वहीं क्राइम ब्रांच ने 102 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चिंटू उर्फ चिंट्टी, निवासी भागीरथपुरा को पकड़ा है। आरोपी लक्ष्मीबाई नगर के पास क्राइम ब्रांच को दिखाई दिया था। आरोपी चिंटू के खिलाफ पहले भी अन्य थानों में अपराध दर्ज हैं। वह ब्राउन शुगर की पुड़िया बनाकर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने उसे रिमांड पर लिया है। वहीं एरोड्रम पुलिस ने भी सुमित पथरोड, निवासी पंचवटी नगर को 9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### इंदौर के खजराना में मिला नाबालिग का शव

**इंदौर।** इंदौर के खजराना से लापता एक 14 वर्षीय नाबालिग समीर का शव रविवार दोपहर इलाके में ही मिला है। वह शनिवार शाम से लापता था। परिवार के लोगों ने रात में थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। खजराना पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास एक मैदान के नजदीक बने कुएं में एक शव पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। समीर के परिवार में उसका एक भाई है। उसके पिता की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को समीर का इलाके में रहने वाले कुछ नाबालिगों से विवाद हुआ था। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### इंदौर में समझौते के 20 दिन बाद फिर भड़का विवाद, हंगामे के बाद एफआईआर

# भाजपा नेता की गुंडागर्दी, युवकों के सिर फोड़े, स्कॉर्पियो तोड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के राऊ इलाके में रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया।

आरोपियों ने न केवल युवकों के साथ मारपीट की, बल्कि उनकी स्कॉर्पियो कार के कांच भी चकनाचूर कर दिए। घायल युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष वेदांत तिवारी के रूप में हुई है। पीड़ित प्रखर शर्मा और नयन बाफना (सुदामा नगर) सुबह कैट रोड स्थित एक कैफे से चाय पीकर अपनी स्कॉर्पियो से लौट रहे थे।

इसी दौरान वेदांत तिवारी, समीर शर्मा और आदित्य ने उनका पीछा किया और बीच रास्ते में रोककर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर रंजिश चली आ रही है।







**पुलिस पर भारी पड़ा 'सियासी दबाव'**- घटना के बाद घायल युवक जब राऊ थाने पहुंचे, तो वहां हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। आरोप है कि सत्ताधारी दल के नेताओं के दबाव के चलते पुलिस शुरुआत में एफआईआर दर्ज करने से कतराती रही। हालांकि, जब मामला बढ़ा और थाने पर हंगामा शुरू हुआ, तब जाकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### 20 दिन पहले भी हुई थी कोशिश

यह पहली बार नहीं है जब वेदांत और उसके साथियों ने इन युवकों को निशाना बनाया हो। करीब 20 दिन पहले महूनाका चौराहे पर भी इन युवकों को घेरने की कोशिश की गई थी। उस वक्त युवक कार भगाकर निकलने में कामयाब रहे थे। मामला छत्रीपुरा थाने तक पहुंचा था, लेकिन तब दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया था। इसी समझौते का नतीजा रहा कि आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने दोबारा हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

# लिव-इन पार्टनर ने युवती की हत्या की

### कॉलेज परिसर में किया हमला, दूसरे युवक से सबंध को लेकर हुआ था विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के सुगनीदेवी कॉलेज परिसर में गंभीर हालत में मिली युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती को राहगीरों ने घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल पहुंचाया था। उसके हाथों और शरीर पर कई टैटू बने हुए थे, वहीं शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान भी पाए गए थे। शुरुआती जांच में डॉक्टरों को उसके साथ ज्यादती की आशंका हुई, जिसके चलते सैंपल भी लिए गए थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पर हमला उसके लिव-इन पार्टनर ने किया था। आरोपी ने हत्या की नीयत से पत्थर से वार किया था। देर रात इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।



टीआई आरडी कानवा की टीम ने इस मामले में युवती के दोस्त मुकेश कोरी (45) (निवासी तीन पुलिया) को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक युवती और मुकेश कुछ समय से साथ रह रहे थे और दोनों नशे के आदी थे। शनिवार को दोनों के बीच विवाद हुआ था। मुकेश युवती का खर्च उठाता था और उसे शक था कि युवती के अन्य युवकों से अवैध संबंध हैं। नशे की हालत में उसने खाली मैदान में युवती पर पत्थर से हमला किया और उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि युवती मूल रूप से इटारसी की रहने वाली थी और पिछले कुछ वर्षों से इंदौर में रह रही थी। उसके शरीर पर कई टैटू गुदे हुए थे। शुरूआत में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन युवती की मौत के बाद अब पुलिस धाराएं बढ़ाकर हत्या का केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। मुकेश ने पुलिस को बताया कि बीते चार दिनों से युवती उसके साथ रह रही थी। शुक्रवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे दोनों ने परदेशीपुरा इलाके से अवैध शराब खरीदी और पी। इसके बाद वे एक ग्राउंड में बैठ गए। इसी दौरान युवती के अन्य लोगों से संबंधों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। नशे की हालत में मुकेश ने पत्थर उठाकर युवती के सिर और मुंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गया।

# इंदौर में 9 से 13 फरवरी तक विशेष पेंशन शिविर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर संभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से 9 से 13 फरवरी 2026 तक विशेष पेंशन प्रकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर संभागीय पेंशन कार्यालय, सेटेलाइट भवन, इंदौर में आयोजित होगा।

यह शिविर कमिश्नर डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार लगाया जा रहा है। उन्होंने इंदौर संभाग के सभी कार्यालय प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 31 जनवरी 2026 तक सेवानिवृत्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण शिविर अवधि के दौरान पेंशन कार्यालय में ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रस्तुत कराकर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर समाप्त होने के बाद यदि किसी भी कार्यालय स्तर पर पेंशन प्रकरण लंबित पाए जाते हैं, तो इसके लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिविर के सभी दिनों में कार्यालय प्रमुख स्वयं निगरानी रखते हुए अपने विभाग के पेंशन मामलों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ मिल सकें।

### इंदौर गंदगी और गंदा पानी नाले में छोड़ने पर कार्रवाई

# नगर निगम ने कंपनियों पर लगाया 1 लाख 80 हजार का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार औद्योगिक इलाकों में दौरा और चालानी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में झोन क्रमांक 17 और झोन क्रमांक 3 में आने वाले सांवेर रोड और पोलोग्राउंड स्थित औद्योगिक इलाकों में नालों में गंदगी और अपशिष्ट पानी छोड़ने वाली औद्योगिक इलाकयों पर चालानी कार्रवाई की गई।







झोन क्रमांक 17 में आने वाले सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कार्रवाई की गई। झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील ने बताया कि रविवार को सांवेर रोड स्थित औद्योगिक इकाइयों द्वारा कचरा, गंदगी और अपशिष्ट जल सीधे नाले में छोड़ा जा रहा था। जिसके चलते इन पर कार्रवाई की गई है। नगर निगम ने यहां पर 1 लाख 40 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई आशीष कापसे, उपयंत्री सिद्धांत मेहता सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इधर, झोन क्रमांक 3 में आने वाले पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। झोनल अधिकारी राज ठाकुर ने बताया कि निगम कमिश्नर के आदेश पर झोन 3 के वार्ड 57 में कार्रवाई की गई। सायनों फार्मा कंपनी द्वारा ईटीपी का उचित संचालन नहीं किए जाने पर 30 हजार का चालान किया गया। कोहिनूर इलास्टिक द्वारा सीवर लाइन में सीधे अपशिष्ट जल छोड़े जाने पर 10 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। यहां कुल 40 हजार की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी राज ठाकुर, सीएसआई राजेंद्र बेगा एवं ड्रेनेज विभाग की टीम उपस्थित रही। निगम अधिकारियों ने औद्योगिक इलाकों को आगामी 2 दिन के अंदर अपशिष्ट जल प्रबंधन सिस्टम को ठीक करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## खबर एक नजर...

### तीर्थ दर्शन योजना जिला उज्जैन से अयोध्या तीर्थ स्थान की नवीन यात्रा का कार्यकम

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत जिला उज्जैन से अयोध?या तीर्थ स्थान की यात्रा के इच्छुक 779 पात्र श्रद्धालुओं जिनके द्वारा पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो, अपने निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंतिम तिथि 7 फरवरी तक संबंधित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत में जमा करा सकेंगे। यात्रा का प्रारंभ 10 फरवरी को होगा और यात्रा वापसी 13 फरवरी को होगी। लॉटरी के माध्यम से 8 फरवरी को 12 बजे श्रद्धालुओं का चयन किया जाएगा। जिन व्यक्तियों द्वारा पूर्व में आवेदन किये हो और उनके द्वारा यात्रा का लाभ नहीं लिया हो, उनके द्वारा सप्रमाण सादे कागज पर इस यात्रा में जाने की सहमति संबंधित नगरीय/ग्रामीण निकाय में देने पर उनके आवेदन पत्र को इस यात्रा के लिए मान्य किया जाएगा।

### कायथा कॉलेज में अल्पावधि रोजागारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित

**कायथा .** शासकीय महाविद्यालय कायथा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल, सही प्रारूप में सी.वी. बनाने का प्रशिक्षण, स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड रीजनिंग, डेटा इंटरप्रिटेशन, मैथेमेटिकल एप्टिट्यूड, सम्प्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह में कार्य करना, समूह चर्चा एवं मॉक साक्षात्कार हेतु श्रीजी तकनीक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन द्वारा एक महीने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक सम्मिलित हुए। स्वागत के पश्चात डॉ. पुराणिक ने अपने विशिष्ट उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास और उद्यमिता की चर्चा की तथा कायथा के प्राचीन इतिहास और इसमें कायथा पात्र परम्परा तथा वराहमिहिर के योगदान का वर्णन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास एक निरंतर चलने और लगातार सीखने वाली प्रक्रिया है।

### आज महिदपुर के झुठावद एवं दानीगेट स्थित अनंत पेठ पर शिविर आयोजित

# नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न






### रविवार को टी चोईथराम अस्पताल, इंदौर एवं अमलतास अस्पताल, देवास के विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न हुए। रविवार को पिपलीनाका स्थित मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला एवं रविशंकर नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में शिविर आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला में आज सोमवार को महिदपुर तहसील के ग्राम झुठावद एवं उज्जैन शहर के दानीगेट स्थित अनंतपेठ में शिविर आयोजित होंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान ह्यदिल से कहो अपने मोहनजी है नह्र संपूर्ण उज्जैन जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पीपलीनाका स्थित उदूर्पुरा में मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला में चोईथराम हॉस्पिटल,इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। एवं शहर के वार्ड क्रमांक 29 स्थित रविशंकर नगर में संजीवनी क्लिनिक पर अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दोनों ही अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविरों में जनता जनार्दन ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत रविवार को शिविर में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व महापौर मीना विजय जोनवाल, फामेर्सी कौंसिल पूर्व अध्यक्ष ओम जैन, पार्षद गब्बर भाटी, हेमंत गेहलोत भूरू, पार्षद रामेश्वर दुबे रम्मू भैया सहित मारवाड़ी माली समाज के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

खोईवाल ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रेरणा से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक संपूर्ण जिले में 14 स्थानों पर शिविर आयोजित किये गये हैं जिसमें हजारों नागरिकों ने सहभागिता कर हृदय रोग विशेषज्ञों से जांच परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया। इसी कड़ी में आज सोमवार 9 फरवरी, सोमवार को जिले की महिदपुर तहसील अंतर्गत ग्राम झूठावद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित होगा वहीं दूसरी ओर उज्जैन शहर के वार्ड क्रमांक 12 दानीगेट स्थित अनंतपेठ में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# निर्मल वर्मा के तीन एकांत पर आधारित प्रयोगधर्मी नाट्य प्रस्तुति

### अभिनव राष्ट्रीय नाट्य समारोह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अभिनव रंग मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन अभिनव के प्रयोगधर्मी नाट्य प्रदर्शन से हुआ। उज्जैन के रंग आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले निर्देशक शरद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह यादगार साबित हुआ। उज्जैन की कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में फरवरी के प्रथम सप्ताह की गुलाबी सर्दी में आयोजित 40 वें समारोह में एक से बढ़कर एक नाटक की प्रस्तुति हुई। समापन संध्या

निर्मल वर्मा की पुस्तक तीन एकांत में से धूप का एक टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर कहानियाँ प्रदर्शित की गईं।

प्रस्तुत कहानियां अकेलेपन और मानवीय अलगाव को दशार्ती हैं। ये



कहानियाँ मुख्य रूप से पात्रों के अपने अतीत से जुड़ाव और संवाद पर आधारित हैं। धूप का एक टुकड़ा में एक पार्क में बैठा पात्र अपने अतीत के एकांत और वर्तमान की यादों को साझा करता है।डेढ़ इंच ऊपर की कहानी भी अकेलेपन के क्षणों में स्वयं से साक्षात्कार पर केंद्रित है। धूप का टुकड़ा में मुख्य भूमिका कामना भट्ट और पांखुरी जोशी के साथ भूषण जैन और शरद शर्मा ने निभाई। डेढ़ इंच ऊपर मुख्य पात्र बने अंकित दास और शरद शर्मा ने कमाल का अभिनय किया।

### मजबूत सदस्यता ही मजबूत सेवा की नींव है- दिनेश राठौर

# द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवाइजरी कमेटी की बैठक में मेंबर ग्रोथ और लीडरशिप पर चर्चा

### दो नए क्लबों का गठन, अनिल गोयल के एमजेएफ बनने पर दी बधाई, क्लबों ने प्रस्तुत किए सेवा कार्यों के प्रतिवेदन

### जीएमटी क्लब की शक्ति और भविष्य का आधार




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के रीजन 2, जोन 2 की द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवाइजरी कमेटी की बैठक नानाखेड़ा स्थित होटल विक्रमादित्य में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जोन चेयरपर्सन लायन दिनेश राठौर ने सेवा कार्यों के विस्तार के लिए सदस्यता वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ह्यमजबूत सदस्यता ही मजबूत सेवा की नींव है ह्ल

बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पीडीजी पीएमजेएफ आर्किटेक्ट लायन बलबीर सिंह सहनी और जीएमटी (ग्लोबल मेंबरशिप टीम) सदस्य एमजेएफ लायन गिरीश जयसवाल ने संगठन की मजबूती पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जीएमटी केवल एक विभाग नहीं, बल्कि क्लब की शक्ति, पहचान और भविष्य का आधार है। लायन बलबीर सिंह सहनी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नए सदस्यों को जोड़ना, मौजूदा सदस्यों को सक्रिय रखना और क्लब में नेतृत्व व टीम भावना को बढ़ावा देना है।

बैठक में लायन पंकज पंचाल और रीजन-2 सेक्रेटरी लायन देबाशीष राय विशेष रूप से उपस्थित थे।

# अभिनव रंगमंडल का 40वां समारोह: निर्मल वर्मा को जीवंत किया कहानियों के नाट्यमंचन ने

### धूप का एक टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर के साथ अभिनव नाट्य समारोह का भव्य समापन, शरद शर्मा के निर्देशन में मंच पर साकार हुई निर्मल वर्मा की मौन कथा-चेतना

### पढ़ने और सुनने की विधा बनी देखने का अनुभव, दर्शकों ने सराहा निर्मल वर्मा की कहानियों का नाट्य रूपांतरण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत सरकार संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित अभिनव रंगमंडल के 40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन रविवार 8 फरवरी को कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में एक यादगार शाम के साथ हुआ। समारोह के छठे और अंतिम दिन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं निर्देशक शरद शर्मा ने हिंदी के प्रसिद्ध लेखक निर्मल वर्मा की दो कालजयी कहानियों ह्यधूप का एक टुकड़ाह्ल और ह्यडेढ़ इंच ऊपरह्ल को मंच पर उतारकर पढ़ने और सुनने की विधा को ह्यदेखनेह्ल की विधा में बदलने का सफल प्रयोग किया।

निर्मल वर्मा की कहानियाँ अपनी



सूक्ष्मता, आंतरिक मौन और संवेदनाओं के लिए जानी जाती हैं। निर्देशक शरद शर्मा के सामने सबसे बड़ी चुनौती कहानी के अंतर्मन को बाहरी नाटकीयता में बदले बिना दृश्यात्मक बनाना था। दोनों प्रस्तुतियाँ स्मृति, अनुभूति और आत्मसंघर्ष के प्रवाह में आगे बढ़ीं, जिसने दर्शकों को गहरे मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद का अनुभव कराया।

पहली प्रस्तुति ह्यधूप का एक टुकड़ाह्ल में एक अकेली महिला के जीवन, उसके नॉस्टेल्जिया और यादों के संघर्ष को दिखाया गया। इस नाटक में घटनाओं से ज्यादा अनुभूतियां प्रधान थीं। केंद्रीय भूमिका में कामना भट्ट ने अपने सुदीर्घ रंग अनुभव का परिचय देते हुए अभिनय को बेहद धारदार बनाया। भूषण जैन ने अपनी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में दर्शकों को प्रभावित किया।

### डेढ़ इंच ऊपर युद्ध की विभीषिका और भय

दूसरी प्रस्तुति ह्यडेढ़ इंच ऊपरह्ल दर्शकों को केवल देखने नहीं, बल्कि महसूस करने के लिए आमंत्रित करती नजर आई। यह कहानी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक बूढ़े जर्मन व्यक्ति के अकेलेपन और भय की दास्तां है, जिसकी पत्नी को गेस्टापो (नाजी पुलिस) उठा ले जाती है। मुख्य पात्र को अंकित दास ने पूरी शिद्दत के साथ जिया। उन्होंने क्रोध, क्षोभ और विवशता के भावों को मंच पर जीवंत कर दिया। अतिथि भूमिकाओं में रूबल शर्मा और जजा सिद्दीकी ने अपनी छाप छोड़ी।

पेंटिंग्स और प्रकाश ने बांधी समां

इन नाटकों की सफलता में तकनीकी पक्ष का भी अहम योगदान रहा। मंच सज्जा में विख्यात चित्रकार मुकेश बिजौले की पेंटिंग्स का उपयोग कर निर्देशक ने कथा को एक नई अंतर्दृष्टि दी। भूषण जैन के संगीत संकलन और राघवेंद्र कौशिक के सधे हुए प्रकाश संचालन (लाइटिंग) ने दृश्यों को और अधिक प्रभावी बना दिया।

मेजबान संस्था अभिनव रंगमंडल की ये नई प्रस्तुतियां दर्शकों के दिलों में उतर गईं, जिसने उज्जैन में थिएटर के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सभी को आश्वस्त किया।

## खबर एक नज़र...

### पेंशनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, 11 मार्च को भोपाल में प्रदर्शन की तैयारी

**उज्जैन।** संभागीय प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन (भोपाल) की उज्जैन शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक और कार्यकारिणी का गठन रविवार को देवासगेट स्थित सावन भादो माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा के साथ-साथ आगामी आंदोलनों की रूपरेखा भी तय की गई। संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे के निर्देशन में नई संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें सर्वसम्मति से श्री अनिल कुमार त्रिवेदी को संभागीय संयोजक नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में कैलाशदास बैरागी और ओमप्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, घनश्याम जोशी को संभागीय महामंत्री, शांतिलाल जायसवाल को संभागीय सह सचिव और अमृतलाल शर्मा को सह सचिव बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में मदनलाल मालवीय (माकड़ोन), राधेश्याम वर्मा (तराना), दुलेसिंह चौहान, ओमप्रकाश वर्मा, संजय उदगीर और सुरेन्द्र कुमार गौड़ को मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रीमती अरुणेश्वरी गौतम को सौंपी गई है। बैठक का एक मुख्य एजेंडा आगामी आंदोलन रहा। सदस्यों ने 11 मार्च 2026 को भोपाल में होने वाले संभावित विशाल प्रदर्शन को लेकर चर्चा की और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। संगठन ने पेंशनर्स की मांगों को लेकर एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक की शुरूआत में नव निर्वाचित संभागीय सचिव श्री घनश्याम तिवारी का स्वागत किया गया। वहीं, सदस्य श्री कालू सिंह जी परिहार का जन्मदिन होने पर उनका भी विशेष स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे और जिला अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में कुल 36 सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस के आश्वासन पर टला पुतला दहन, गैंग प्रभारी पर एफआईआर की मांग

**उज्जैन।** धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते (गैंग) की कथित बर्बरता ने शहर के माहौल को गर्मा दिया है। नरसिंह घाट क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों, महिलाओं और यहां तक कि एक दिव्यांग के साथ निगम गैंग प्रभारी और कर्मचारियों द्वारा मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जनआक्रोश फूट पड़ा है।

बुधवार को मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने घटनास्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने बताया कि विगत चार माह से झालरिया मठ क्षेत्र (नरसिंह घाट मार्ग) पर गरीब फुटकर व्यापारी सम्मानजनक रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। निगम के गैंग प्रभारी मोनू थनवार ने अपने साथियों के साथ वहां पहुंचकर जबरन सामान जब्त करना शुरू कर दिया। जब संजय सिंह चौहान, अर्जुन कहार, कालूराम चौहान और मौजूद महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

# चेन्नई में उज्जैन के भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो का सम्मान

### बौद्ध धम्म प्रचार के 70 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भव्य आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आधुनिक बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'बुद्धिस्ट फ्रेटरनिटी काउंसिल' और 'इंडिया-श्रीलंका फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में चेन्नई में एक विशाल धम्म यात्रा एवं बौद्ध भिक्खु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में उज्जैन और झांसी का प्रतिनिधित्व कर रहे भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चेन्नई में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर और धम्म यात्रा का सफल संचालन भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो द्वारा किया गया। उनके उत्कृष्ट योगदान और धम्म प्रचार के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में दक्षिण भारत के सैकड़ों बौद्ध भिक्खु, उपासक और उपासिकाएं सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं की घोषणा भी की गई। बताया गया कि 20 से 29 अप्रैल 2026 तक बोधगया में भारतीयों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 30 अप्रैल 2026 को एक भव्य संगोष्ठी होगी।

इस संगोष्ठी के लिए पूरे भारत से बौद्ध भिक्खु और उपासकों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में लेख भी आमंत्रित किए गए हैं, जिन्हें बाद में पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

संगोष्ठी संयोजक डॉ. भारती प्रभु और अध्यक्ष धर्मेंद्रन ने 'अशोक-अम्बेडकर यात्रा' पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2023, 2024 और 2025 में केरल से दीक्षाभूमि (नागपुर) तक तीन यात्राएं सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। इन यात्राओं के दौरान सम्राट अशोक की कांस्य प्रतिमा केरल से नागपुर लाई गई थी। अब अगली धम्म प्रचार यात्रा बोधगया तक आयोजित करने की योजना है।

### तमिलनाडु के बौद्ध स्थलों का होगा विकास

कार्यक्रम में तमिलनाडु के प्राचीन बौद्ध स्तूपों और स्थलों के सुचारू संचालन और विकास की कार्ययोजना भी तैयार की गई, जिसका नेतृत्व डॉ. भारती प्रभु ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस आयोजन में तमिलनाडु सरकार के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण सदस्य रामनाथ पुरम के भिक्खु मोरयार थेरो, भिक्खु सम्पत, भिक्खु शांति मुनि, भिक्खु धम्म रक्षित, वैज्ञानिक डॉ. शेखर अभबचिल, तनाबर, प्रोफेसर जागरण, एडवोकेट मिलियन, डॉ. रविचंद्रन, डॉ. शिलवरानि, शेरान, नीलवाणतय, नीलवन और याझिनी सहित दर्जन भर से अधिक वरिष्ठ बौद्ध भिक्खु और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आरडीसी 2026: ह्यमिनी इंडियाह्न का हिस्सा बनकर लौटीं उज्जैन की बेटी रानी तंवर

# गांव की पहली छात्रा जिसने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

### किसान की बेटी ने बढ़ाया मान, आरडीसी कैंप से लौटीं सीनियर अंडर ऑफिसर रानी तंवर का कॉलेज में हुआ जोरदार स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की सीनियर अंडर ऑफिसर रानी तंवर का गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 से शानदार वापसी पर महाविद्यालय और एनसीसी कैडेट्स द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। 2 म.प्र. बटालियन एनसीसी के अंतर्गत रानी ने दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित कैंप में अपने अनुशासन और कौशल का लोहा मनवाया।

महाविद्यालय के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ने आरडीसी कैंप की समस्त प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश भर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा ने रानी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और अनुशासन से बटालियन तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि रानी का समर्पण अन्य विद्यार्थियों और कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल ने बताया कि रानी तंवर उज्जैन जिले की घटिया तहसील के ग्राम रूणजी की रहने वाली हैं। वह अपने गांव की पहली ऐसी प्रतिभावान छात्रा हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर गांव को गौरवान्वित किया है। रानी एक साधारण किसान परिवार से आती हैंय उनके पिता श्री रूपसिंह तंवर कृषक हैं और माता श्रीमती सीमा (लाड़कुंवर) तंवर गृहणी हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार और ग्रामवासी गर्व महसूस कर रहे हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए रानी तंवर ने बताया, आरडीसी कैंप दिल्ली कैंट के गैरीसन परेड ग्राउंड में आयोजित होता है, जो अपने आप में एक ह्यमिनी इंडिया है। यहाँ भारत के हर राज्य की संस्कृति देखने को मिली।

### गेहूं, चावल और डेयरी को समझौते से बाहर रखने पर जताया आभार

**उज्जैन.** भारतीय किसान संघ ने भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार से जीएम फसलों और उत्पादों को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि समझौता प्रथम दृष्टया अच्छा दिखता है, लेकिन इसमें 'किसानों से जुड़े संवेदनशील उत्पाद' शब्द को लेकर संशय बना हुआ है।

भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री श्री मोहिनी मोहन मिश्र ने जारी वक्तव्य में कहा कि देश के वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया है कि गेहूं, चावल, दूध एवं डेयरी उत्पाद, फल-सब्जी और मसालों को इस व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। इसके लिए किसान संघ ने भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अंगारेश्वर महादेव मंदिर, शिप्रा तट पर सेवा की अनूठी मिसाल

### समाजसेवी लमसम पटेल ने निजी भूमि पर जुटाईं श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सुविधाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर स्थित प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर (दो राशि के स्वामी) में आस्था लेकर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल (लमसम) ने एक अनुकरणीय पहल की है। मंदिर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वे विगत कई वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर, अपने निजी खर्च से निरूशुल्क पार्किंग, सुलभ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल का उद्देश्य है कि धर्मनगरी उज्जैन आने वाले श्रद्धालु यहाँ से सुखद अनुभव और एक अच्छा संदेश लेकर लौटें। इसी भावना के साथ उन्होंने अपनी निजी भूमि जनसेवा के लिए समर्पित कर रखी है। इसके अलावा, स्वच्छता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत कमेड़ के सरपंच के सहयोग से कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था भी की गई है। समय-समय पर आने वाले प्रमुख त्योहारों पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन और भंडारे का आयोजन भी उनकी ओर से किया जाता है।

हाल ही में कुछ लोगों द्वारा यहाँ दी जा रही सुविधाओं को लेकर भ्रामक बातें फैलाने और अपना स्वार्थ सिद्ध करने के प्रयास किए गए थे। इस विषय पर विराम लगाते हुए मंदिर से जुड़े जिम्मेदारों ने स्पष्ट किया है कि यहाँ की व्यवस्थाएं पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से और आपसी सहयोग से चल रही हैं। अंगारेश्वर महादेव मंदिर पुजारी मनीष उपाध्याय ने कहा कि मंदिर पर देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए निर्भय सिंह जी वर्षों से अपनी निजी जमीन पर पार्किंग और शौचालय जैसी सुविधाएं दे रहे हैं। यहाँ मंदिर समिति, पुजारी परिवार और समाजसेवी पटेल के आपसी सहयोग से सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है।

# भांबी समाज के 11वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

### 8000 समाजजनों ने दिया आशीर्वाद, निकला चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन में भांबी समाज द्वारा आयोजित 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 फरवरी को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस मांगलिक अवसर पर समाज के 15 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। सम्मेलन में न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि गुजरात और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

उज्जैन शहर अध्यक्ष सुनील कड़ेला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महासम्मेलन में करीब 8000 समाजजनों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ौदा (गुजरात), राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर और इंदौर जिले के करीब 50 गांवों से लोग वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। सम्मेलन से पूर्व दुर्दुरा स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर से दुल्हा दुल्हन चल समारोह के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सम्मेलन में मंगलसूत्र, पायजेब, दूल्हा-दुल्हन को कपड़े, गोदरेज, दीवान सहित गृहस्थी का सामान समाजजनों द्वारा भेंट किया गया।

यह भव्य आयोजन प्रदेश अध्यक्ष (म.प्र.) श्री मनोज लोहिया और शहर अध्यक्ष श्री सुनील कड़ेला के मार्गदर्शन में, तथा सम्मेलन अध्यक्ष राधेश्याम जौहर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी मदन मेवाड़ा पूरे समय मौजूद रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी की शुरूआत के लिए कई उपहार भेंट किए गए। मेवाड़ा समाज अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा की ओर से प्रत्येक जोड़े (कुल 15 जोड़े) को 9 लीटर का थरमस (वाटर कैंपर) भेंट किया गया।

## खबर एक नजर...

### श्री सांवलिया सेठ मंदिर के आजीवन सदस्य बने समाजसेवी पंडित राज नागदा

**पिपलिया मंडी।** बरखेड़ा पंथ स्थित प्रसिद्ध श्री सांवलिया सेठ मंदिर में युवा समाजसेवी एवं गौभक्त पंडित राज नागदा को 51 हजार रुपये की राशि भेंट कर आजीवन सदस्य मनोनीत किया गया। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले पंडित नागदा के इस योगदान की मंदिर समिति ने सराहना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने पंडित राज नागदा का अभिनंदन किया। मंदिर समिति ने कहा कि पंडित राज नागदा निरंतर गौसेवा, धार्मिक आयोजनों और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनका मंदिर से आजीवन जुड़ना संस्था के लिए गौरव की बात है। पंडित राज नागदा ने इस अवसर पर कहा कि श्री सांवलिया सेठ की कृपा से उन्हें सेवा का अवसर मिला है और वे भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे।

### लहसुन चोरी करने वाली मुल्तानी गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्र में लहसुन चोरी करने वाली कुख्यात मुल्तानी गैंग का पदार्फाश कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया 5 क्विंटल लहसुन भी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 7 फरवरी को ग्राम आक्या निवासी फरियादी भेरुलाल माली और मांगीबाई माली ने थाने पर करीब ५ क्विंटल लहसुन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उनि शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुल्तानपुरा की इस गैंग को ट्रेस किया और घेराबंदी कर चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आए चारों आरोपी मुल्तानपुरा थाना वायडीनगर के निवासी है जिनके नाम नियाजु टेनी पिता मुख्तियार टेनी, फिरोज पिता जाकीर पटेल, सादिक पिता फारुक बटला व शोहेल पिता साजिद मुगुडा है। दलौदा पुलिस ने पिछले एक माह के भीतर अपराधियों पर नकेल कसते हुए 8 बड़ी चोरियों का खुलासा किया है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों में राहत है।

### एडवांस योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 15 फरवरी

**मन्दसौर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की राज्य समिति द्वारा मंदसौर और भानपुरा में 25 दिवसीय एडवांस योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह निर्णय हाल ही में दशपुर कुंज में आयोजित पतंजलि योगपीठ की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में महेश कुमावत ने बताया कि यह शिविर 15 फरवरी से 11 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 6 से 7.45बजे तक नगर पालिका सभा कक्ष, गांधी चौराहा मंदसौर एवं सांस्कृतिक भवन भानपुरा में आयोजित होगा बाहरी प्रतिभागी जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं।

### भाजपा द्वारा व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा संपन्न

# केंद्रीय बजट व्यापारियों के लिए काफी राहत देने वाला-मंत्री काश्यप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

इज ऑफ डूइंग व्यापार को सरल कैसे करना, इस पर बजट में कई प्रावधान है। व्यापारिक जगत में सरकारी तंत्र का कम से कम इंवॉल्वमेंट हो, उस पर चिंतन किया गया है। छोटी-मोटी गलती की आपराधिक धाराओं को हटाया गया है। किसी कारण से किसी को कोई आमदनी हो, तो उस पर 78 प्रतिशत टैक्स लगता था, बजट में उसे 38 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में जिन कारणों से तनाव होता था, उन्हे सरल कर दिया गया है।

यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026 को लेकर



आयोजित व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया । इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, बजट टोली जिला संयोजक महामंत्री जयवंत कोठारी, टोली सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश गोयल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक सीए रजनीश जैन, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सोश्यल मीडिया जिला संयोजक करण वशिष्ठ मंचासीन रहे।

श्री काश्यप ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आम जनमानस के बीच बजट को लेकर 70 सालों तक आय-व्यय पत्रक की धारणा बनी रही है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसमे बड़ा बदलाव आया है। केंद्रीय बजट अब आंकड़ों का मायाजाल नहीं होकर वास्तविक रूप देश की अर्थ व्यवस्था का पत्रक बन रहा है। बजट वैसे ही देश का रोड मैप होता है, देश की दिशा क्या हो और उसे किस मार्ग पर ले जाना है, ये इससे ही तय होता है। मोदीजी के नेतृत्व में इस साल का बजट विकसित भारत की संकल्पना पूरा करने का आधार बना है, जिससे हर वर्ग का देश के विकास में योगदान सुनिश्चित होगा।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि अमेरिका से ट्रेड डील के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने भारत के लिए विकासशील से विकसित होने की दिशा निश्चित की है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की इकोनामी ग्रोथ बड़ी है।

### सनावदा में धनगर समाज द्वारा तुलसी विवाह महोत्सव संपन्न



**पिपलिया मंडी।** 8 फरवरी 2026 गुरुवार को सनावदा निवासी तुलसीराम धनगर परिवार द्वारा बड़े हर्षोल्लास से तुलसी विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। इसी महोत्सव को लेकर विगत 31 जनवरी 26 को श्री धनगर परिवार द्वारा बरखेड़ा पंथ सांवरिया सेठ मंदिर को गाजे बाजे के साथ लग्न पत्रिका पहुंचाई। तत्पश्चात उपरोक्त मांगलिक कार्य के तहत सनावदा में धनगर परिवार में प्रतिदिन भजन कीर्तन पूजा पाठ चलते रहे। ठीक निर्धारित 8 फरवरी 2026 गुरुवार को सांवरिया मंदिर समिति के तत्वाधान में भगवान सांवरिया सेठ की गाजे-बाजे नृत्य कीर्तन के बरात सनावदा के लिए रवाना हुई। बरात का पिपलिया नगर में तथा चौपाटी सहित कई जगह पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। सनावदा में धनगर परिवार द्वारा बरात की अगवानी करते हुए भव्य स्वागत किया।

### जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अभिनव नवाचार किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुविधाएं उपलब्ध कराने में सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य अमले का अहम योगदान रहा है। जिले में स्वास्थ्य सेवाए और सुदृढ हो, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं तत्परता पूर्वक उपलब्ध हो। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाईजा सकेतथा सड़क दुर्घटनाओं में पीडितों को त्वरित उपचार मिले और जनहानि कम हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नीमच में रविवार को " आपातकालीन सेवाओं के सुदृढी करण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, मेडिकल कालेज नीमच के डीन डॉ.आदित्य बैराल, आईएमए अध्यक्ष डॉ.मनीष चमडिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिलआदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

# मनरेगा मजदूरों का अधिकार, भाजपा सरकार इसे कमजोर करने की साजिश रच रही है: मीनाक्षी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौराहा पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों और मजदूरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य एवं पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा कोई सरकारी मेहरबानी नहीं बल्कि मजदूरों का संवैधानिक अधिकार और गांवों की आर्थिक रीढ़ है, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर पूंजीपतियों के हित साधने और ट्रेड डील के माध्यम से किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया। सुश्री नटराजन ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का उचित सर्वे करने के बजाय केवल कागजी औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं, जबकि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार ने संकट के समय तत्काल मुआवजा प्रदान किया था।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र द्वारा मनरेगा में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाकर 40 प्रतिशत करना योजना को खत्म करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने जिले के प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा न मिलने पर कड़ा रोष व्यक्त किया। क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने भी भाजपा सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए तत्काल राहत राशि की मांग की। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण किया। धरने के पश्चात कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर सिटी कोतवाली में तहसीलदार को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, प्रकाश रातडिया, राजेश रघुवंशी, सोमिल नाहटा, कांतिलाल राठौर, सुरेन्द्र कुमावत, तरुण खीची, अजय लोढ़ा, दीपक सिंह गुर्जर, यूनुस मेव, निर्विकार रातडिया, रूपल संचेती, राघव सिंह शक्तावत सहित जिले के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि

**नीमच।** हिंगोरिया बालाजी से नीमच सिटी मठ सडक निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद सुधीर गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य, विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष स्वाति चौपडा की अध्यक्षता में मीणा मोहल्ला नीमचसिटी में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि उपनगर नीमचसिटी वासियों को बडी सौगात मिलने जा रही है, जिससे उन्हें मुख्य महू-नसीराबाद राजमार्ग पर जाने के लिए नीमच सिटी मठ मार्ग से हिंगोरिया बालाजी का एक नया वैकल्पिक सडक मार्ग उपलब्ध होगा। लगभग 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले लगभग 2.55 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

# पुरानी पेंशन बहाली और ई-अटेंडेंस के विरोध में अध्यापकों ने निकाली रैली व दिया ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान के तहत रविवार को मंदसौर जिले के सैकड़ों अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। जिला अध्यक्ष श्याम मीणा के नेतृत्व में अध्यापकों ने महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर एकत्रित होकर विशाल रैली निकाली और सुशासन भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने स्पष्ट




किया कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाशों के नकदीकरण का लाभ दिया जाए। साथ ही अन्य मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की भांति 1 जनवरी 2026 से 8वें वेतनमान का लाभ दिया जाए, ई-अटेंडेंस को तत्काल बंद किया जाए या फिर इसे विभाग के सभी बाबूओं और अधिकारियों के लिए भी अनिवार्य किया जाए, दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अविलंब अनुकंपा नियुक्ति दी जाए और गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता मिले, जनजाति कार्य विभाग के शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान हो और 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति दी जाए सहित अन्य मांगे रखी।आंदोलन की शुरूआत महाराणा प्रताप बस स्टैंड से हुई, जहां जिले भर से आए शिक्षकों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित की

### जन संवेदनाओं की आंतरिक धारा बहती है रचना में : प्रो. चौहान

**रतलाम।** रचनाकार अपनी वैचारिकता के साथ कलात्मक पक्ष को मजबूती से जब जोड़ता है तो उसकी रचना संदेशपरक होने के साथ कविता की अनिवार्यताओं को भी पूर्ण करती है । नंदकिशोर जोशी सलिल की रचनाएं अंतर्निहित जन संवेदनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। यही इन रचनाओं की सार्थकता है । उक्त विचार जनवादी लेखक संघ द्वारा आयोजित एक रचनाकार का रचना संसार श्रृंखला की दसवीं कड़ी में दिवंगत रचनाकार नंदकिशोर जोशी सलिल पर केंद्रित आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि एवं अनुवादक प्रो. रतन चौहान ने व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि शब्द और अर्थ किसी भी रचना को सार्थक बनाते हैं ।

# नेपा लिमिटेड में छात्र छात्राओं ने भ्रमण कर औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महादीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना।

इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय, तकनीकी एवं उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहादीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात एक ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास, अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहां वर्षभर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक एवं अभियांत्रिकी की विभिन्न शाखाओं के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मिल में औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी और संगणक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार एवं अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का परिचय देते हुए आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए।



## साईंधाम के स्थापना दिवस पर दाल बाटी का विशाल भंडारा आयोजन हुआ

**खंडवा।** रामेश्वर नगर के मां नवचंडी देवी धाम गेट स्थित सांई धाम मंदिर में 13 वे स्थापना दिवस पर दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन के तहत भजन संध्या एवं विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र अनुराधा सांडले, कान्हा शैलजा गीते उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए सांई भक्त गुरूचरनसिंह सलूजा एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर क्षेत्रवासी सांई भक्तों के सहयोग से शुकवार 6 फरवरी को शाम 6 बजे से महिला मंडल की मातृशक्ति व्दारा सुंदर काण्ड का सामुहिक वाचन एवं साईं भजनों की सुंदर संगीतमय प्रस्तुतियां हुई। इस दौरान एक विशाल केक काटा जाकर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य दिवस शनिवार को प्रातः 6 बजे सांई बाबा की मूर्ति का पंचामृत स्नान हुआ। प्रातः 10 बजे पंडित अतुल गांवशिंदे के गगनभेदी वेदिक मत्रों के मध्य हवन यज्ञ पश्चात दोपहर 12 बजे महाआरती हुई। तत्पश्चात दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें शहर भर के सांई भक्तों ने उपस्थित होकर दाल बाटी, लड्डू मिठाई, रायता, वैज चावल प्रसादी ग्रहण की।

## महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर नंद विहार कॉलोनी में हुई समिति की बैठक

**खंडवा।** महाशिवरात्रि पर्व को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाने के उद्देश्य से विगत दिनों नंद विहार कॉलोनी में कॉलोनी समिति की बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया महाशिवरात्रि के पर्व पर ओंकारेश्वर तीर्थ के साथ ही पूरे जिले के शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। नंद विहार कॉलोनी शिव मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों को लेकर बैठक में समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन को लेकर अहम निर्णय लेते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं समय-सारिणी तय की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नंद विहार कॉलोनी स्थित श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 8 बजे मंगल आरती की जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक जलाभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक दंपत्तियों द्वारा विशेष अभिषेक कराया जाएगा। इसी दौरान दोपहर 12 बजे से फरियाली प्रसादी वितरण किया जाएगा।

# स्थापना दिवस व प्री-प्राइमरी ग्रेजुएशन डे पर शिक्षा, संस्कार और नवाचार का उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



अवार्चीन स्कूल ने अपना 10वां स्थापना दिवस और प्री-प्राइमरी ग्रेजुएशन डे मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय की 10 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं का जीवंत उदाहरण बना।

कार्यक्रम की शुरूआत पालकों के स्वागत, मंच परिचय एवं विद्यालय की विकास यात्रा के संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण के साथ हुई। विद्यालय प्रशासक सुनील पाटिल ने वर्ष 2016 से 2026 तक के 10 वर्षों के सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे अवार्चीन स्कूल ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सम्मान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, प्रोफेसर बृजमोहन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस महाविद्यालय के डायरेक्टर अनिल जैन, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा एवं डायरेक्टर अमित मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल ने अवार्चीन स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है, जो बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्था की अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा द्वारा दिया गया स्वागत उद्बोधन। उन्होंने विद्यालय की स्थापना के प्रारंभिक वर्षों के संघर्ष, चुनौतियों एवं निरंतर परिश्रम की यात्रा को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष में अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने वाले पालकों का सहयोग और विश्वास ही आज विद्यालय की सफलता का आधार बना है।

## खेत के कुएं पर चल रही ड्रग फैक्ट्री का पदार्फाश, एमडी बनाते दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

थाना गरोठ पुलिस ने ग्राम सुरजना में एक खेत पर दबिश देकर अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में रसायनों का मिश्रण, तैयार ड्रग्स और ड्रग्स बनाने के आधुनिक उपकरण जप्त किए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सुरजना में एक खेत के कुएं पर अवैध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना पर थाना प्रभारी हरीश मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो नजारा चौंकाने वाला था। वहां दो व्यक्ति स्टील के घड़े में तीव्र गंध वाले रसायनों के मिश्रण को छाछ बनाने की मशीन से बिलोकर एमडी ड्रग्स तैयार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर दो आरोपियों दीपक (32) पिता राधेश्याम सिकलीगर, निवासी सुरजना व सुमित (19) पिता राजाराम सिकलीगर, निवासी सुरजना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 102 ग्राम शुद्ध तैयार एमडी ड्रग्स, 12 किलो 610 ग्राम रसायनों का गाढ़ा मिश्रण (जिससे एमडी बनाई जा रही थी), 3 किलो 540 ग्राम पारदर्शी तरल पदार्थ और 680 ग्राम सफेद केमिकल पाउडर सहित उपकरण सेंट्रीफ्यूज मशीन, गैस सिलेंडर, चूल्हा-भट्टी, स्टील के बर्तन, बिजली के तार और दो एंड्रॉइड मोबाइल जप्त किये।

## श्री कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा संपन्न

**खंडवा।** श्री कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा श्री झूलेलाल मंदिर परिसर सिंधी कॉलोनी में संपन्न हुई।कई विषयों पर विचार मंथन हुआ।सचिव जयरामदास खेमानी ने बताया कि अध्यक्ष भीमनदास जीवनानी ने होली और रंगपंचमी के अवकाश के मद्देनजर सांस्कृतिक यात्रा का सुझाव दिया, जो सर्व सहमति से पारित किया गया। खजुराहो यात्रा को सहमति मिली।इस यात्रा हेतु चार सदस्यीय समिति भी बनाई गई, जिसमें किशोर हरचंदानी,दिलीप आर्य,सोनू लालवानी और मेघराज चंदवानी लिए गए।सभा समापन से पूर्व सिंधी समाज के अध्यक्ष और कटलरी एसोसिएशन के संरक्षक गेहीराम सीतलानी को श्रद्धांजलि दी गई। इस बैठक में भीमनदास जीवनानी, गोपाल दास पमनानी,लेखराज हेमवानी,प्रकाश आहूजा, जयरामदास खेमानी,जेठानंद हरचंदानी,दिलीप पिंजानी,किशोर हरचंदानी, किशनचंद पारवानी,मेघराज चंदवानी,दीपक आर्य, अशोक कुमार दुल्हानी,दिलीप आर्य,लक्ष्मण पारवानी,अशोक कुमार पारवानी,सोनू लालवानी,किशोर रेवतानी और मनोनीत सदस्य कमल नागपाल आदि उपस्थित रहे। संचालन जयरामदास खेमानी ने किया और आभार मनोनीत प्रवक्ता कमल नागपाल ने व्यक्त किया।

# सुनील वाघ ने किया बजट पर चर्चा, वीबी जी राम जी पर हुआ मंथन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा बजट पर चर्चा एवं वीबीजी राम जी विषयक जिला स्तरीय कार्यक्रम नेपानगर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राम जी पर चर्चा में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघ ने अध्यक्षता की।

सुनील वाघ ने अपने स्वागत भाषण में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूती से रखा। बजट हेतु जिला संयोजक राजेश चौहान ने वीबीजी राम जी पर विस्तृत एवं तथ्यपरक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए सुयश महेश्वरी ने बजट के प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दूरदर्शी विजन को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह बजट आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध भारत की नींव रखता है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गजानन यादव, जिला मंत्री विक्रम चौहान, प्रकाश लॉड, कार्यालय मंत्री करण प्रजापति, मंडल अध्यक्ष शिथिज महाजन, कर सलाहकार भगीरथ प्रजापति, गजेंद्र वर्मा, प्रदीप कसेरा, शंकर चौहान, मनोज महेश्वरी, श्रीमती छाया गुडगे, ललित चौहान, अमर सिंह पवार, दौलत कोले और युवराज काका सहित व्यापारी वर्ग, कृषक बंधु, भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं संगठन को नई ऊर्जा देने वाला रहा।

## विधायक का किया स्वागत

**खंडवा।** क्षेत्र की जनता के मतों से चुने हुए जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र की जनता के सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना। विधायक कंचन मुकेश तनवे एक और जहां क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय होकर कार्य कर रही है, साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर में भोपाल में मुख्यमंत्री से लेकर अलग-अलग विभागों के मंत्रियों से भी मुलाकात कर क्षेत्र के विकास मैं सहयोगी की भूमिका निभा रही है।

# बड़वानी पुलिस का जीरो टॉलरेंस अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में अवैध गतिविधियों–विशेषकर जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब–के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिनांक 7 फरवरी को विशेष अभियान चलाकर व्यापक एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारियों के मार्ग दर्शन तथा समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन कर जिलेभर में एक साथ दबिश दी गई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जुआ एवं सट्टा के कुल 18 प्रकरणों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्चियां एवं कुल लगभग 21,595 नगद जप्त किए गए। अवैध शराब के विरुद्ध 4 प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के अंतर्गत– कुल 22 प्रकरण 26 आरोपी गिरफ्तार कुल 24,845 नगद एवं सामग्री (ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्ची जब्त की।

## जिले में निर्मित तालाबों एवं नहरों के निरीक्षण हेतु विभागीय अधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम जारी

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में, जल संसाधन विभाग बड़वानी द्वारा संभाग के अंतर्गत निर्मित तालाबों और नहरों के सघन निरीक्षण हेतु एक विस्तृत भ्रमण दौरा कार्यक्रम जारी किया गया है। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य रबी सीजन के दौरान नहरों से सुचारू रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, सिंचाई क्षेत्र के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाना और कृषकों की सिंचाई संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है।

## श्रमोदय विद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का हुआ आयोजन

**बड़वानी ।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल व श्रमोदय सयुक्त चयन प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी रविवार को किया गया। परीक्षा में बड़वानी जिले में कुल 12 परीक्षा केन्द्र में दर्ज 3281 में से 3010 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए । वहीं 271 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला समन्वय संस्था शा. ई.एफ.ए. उत्कृष्ट उमावि क्र.1 बड़वानी प्राचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा नवीन सत्र 2026-27 में जिलास्तरीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 बड़वानी 9वी, विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल तथा श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6टी से 9वीं तक में प्रवेश के लिए म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कराई जा रही है।



## उत्तराखंड के खलियाटॉप में रास्ता भटकीं हर्षा रिछारिया

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के खलिया टॉप घूमने आईं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया अपने कुछ साथियों के साथ रास्ता भटक गईं। अंधेरा होने और मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से स्थिति गंभीर हो गई। दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र और अंधेरा होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई।

सूचना मिलने पर मुनस्यारी पुलिस ने तुरंत खोजबीन शुरू की। पुलिस ने हर्षा और उनके दोस्तों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। हर्षा ने पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस ने लोगों से कहा है कि पहाड़ों पर घूमने जाएं तो मौसम और रास्तों की जानकारी रखें और अंधेरा होने से पहले सुरक्षित जगह पर पहुंच जाएं।

**अंधेरा होने से बढ़ा खतरा-** पिथौरागढ़ एसपी रेखा यादव ने बताया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया अपनी बहन और अन्य साथियों के साथ मुनस्यारी घूमने आई थीं। उस दौरान वो खलिया टॉप गईं थीं। पहाड़ी इलाका होने के कारण रास्ते पहचानना मुश्किल हो गया और अंधेरा बढ़ने के साथ खतरा भी बढ़ गया। मोबाइल नेटवर्क न मिलने से संपर्क करना भी चुनौती बन गया।

**सभी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया-** एसपी ने बताया कि सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अनिल आर्या के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह, बलवंत सिंह और प्रेम बंग्याल की टीम ने दुर्गम और जोखिम भरे रास्तों पर सर्च अभियान शुरू किया। रात के अंधेरे, ठंड और कठिन भौगोलिक स्थिति के बावजूद पुलिस टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद सभी को ढूढकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। एसपी रेखा यादव ने बताया कि पिथौरागढ़ पुलिस जनसेवा, सुरक्षा एवं सहायता के अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विषम परिस्थितियों में भी आमजन के साथ हर समय तत्परता से खड़ी रहती है।

# 5 साल बाद रिया चक्रवर्ती की एक्टिंग में वापसी

**वेब सीरीज फैमिली बिजनेस में आएंगी नजर, एक्ट्रेस की वापसी पर फैंस खुश**





सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद लंबे समय तक ब्रेक लेने के बाद रिया चक्रवर्ती फिर से फिल्मों और सीरीज में वापसी कर रही हैं। मंगलवार शाम वह मुंबई में हुए नेक्स्ट वन नेटफिल्क्सि इवेंट में शामिल हुईं, जहां एक्ट्रेस ने अपनी कमबैक सीरीज फैमिली बिजनेस की आधिकारिक घोषणा की। इस सीरीज में रिया के साथ अनिल कपूर और विजय वर्मा भी नजर आएंगे।

रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम पर फैमिली बिजनेस का टीजर शेयर किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, नई शक्ति मिलती है पुराने पैसे से। जब सत्ता बड़ी होती है, तो परिवार और कारोबार की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं। फैमिली बिजनेस जल्द ही केवल नेटफ्लिक्स पर देखें। रिया के कमबैक से उनके फैंस काफी खुश हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को सपोर्ट किया जा रहा है। एक फैन ने लिखा, देर आए, दुरुस्त आए, बधाई। दूसरे ने कहा, रिया को स्क्रीन पर वापस देख खुश हूं। यह वापसी उनके लिए पूरी तरह न्यायसंगत है, इंतजार नहीं कर सकता इसे देखने का। इसके अलावा कई और यूजर्स ने खुशी जताई है।

बता दें, 2020 में सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था। उसी साल सितंबर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रिया चक्रवर्ती को हिरासत में लिया, जब उनके व्हाट्सएप से कथित ड्रग्स से जुड़े चैट्स सामने आए। अगले महीने उन्हें जमानत दे दी गई थी। इस शर्त के साथ कि वह अपना पासपोर्ट एनसीबी के पास जमा करें। हालांकि रिया को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया था।



## मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान मैच खेलने श्रीलंका आए

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाक मैच को लेकर सुनील शेट्टी ने किया रिएक्ट**

पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के फैसले पर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी का रिएक्शन सामने आया है। मुंबई में मीडिया से बातचीत के दौरान शुक्रवार को उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान का मैच होना चाहिए।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि उनकी टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बायकॉट करेगी। इस मुद्दे पर इंडियन क्रिकेटर केएल राहुल के ससुर और एक्टर सुनील शेट्टी से जब सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि पाकिस्तान श्रीलंका में आकर खेले। न खेलने से क्या होगा? भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत जबरदस्त राइवलरी है, जैसे एशेज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच।

पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया 1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ। बीसीसीआई ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय लीग से बाहर करने का फैसला किया था।

# द केरल स्टोरी 2 पर सादिया खतीब ने जताई आपत्ति

## कहा- फिल्म की कहानी एक खास धर्म को निशाना बनाती है, एक्ट्रेस पर भड़के यूजर्स

विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जहां एक तरफ लोग इसे सच्ची घटनाओं से प्रेरित बता रहे हैं तो दूसरी ओर एक्ट्रेस सादिया खतीब ने फिल्म की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा फिल्म की कहानी बार-बार एक खास धर्म को निशाना बनाती है और उसे समाज के लिए खतरे के रूप में पेश करती है।

सादिया खातीब ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखा, एक मुसलमान होने के साथ-साथ एक भारतीय नागरिक के तौर पर वह इस तरह की फिल्मों को देखकर खुद को अपमानित और दुखी महसूस करती हैं। समस्या सिर्फ यह नहीं है कि क्या हो रहा है, बल्कि यह है कि लोग इसे खामोशी से स्वीकार कर रहे हैं। नफरत और डर को सिनेमा और जागरूकता के नाम पर सावधानी से परोसा जा रहा है।

अपने पोस्ट में सादिया ने आगे लिखा, जब किसी पूरे समुदाय को बार-बार आतंकवादी, विलेन या नफरत के लायक न समझे जाने वाले लोगों के रूप में दिखाया जाता है, तो इससे उस समुदाय पर गहरा






मानसिक असर पड़ता है। यह सब धीरे-धीरे एक सिस्टम की तरह फैलाया जा रहा है और इसे सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

यह सिनेमा नहीं है यह कंडीशनिंग है। हमारे देश में मुसलमानों के खिलाफ एक नफरत की आंधी चल रही है। यह सिर्फ सिनेमा तक खत्म नहीं होता। यह स्कूल की कक्षाओं में, दफ्तर में, सड़कों पर हर जगह है। जब मुसलमानों को खलनायक बनाया जाता है, आम इंसानों को संदेह की नजरों से देखा जाता है, यह इसकी नफरत का असर है, जिसे ये कला कह रहे हैं। सादिया के इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर सवाल उठने लगे। एक यूजर ने लिखा, सादिया ने फिल्म द डिप्लोमैट में एक पीड़िता का किरदार निभाया था और तब उन्होंने उस फिल्म को सच्ची घटना पर आधारित बताया था। ऐसे में जब द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के मेकर्स भी अपनी फिल्म को वास्तविक घटनाओं से प्रेरित बता रहे हैं, तो उन्हें इस पर आपत्ति क्यों है? वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, जब ऐसे मामलों को सच्चाई के तौर पर दिखाया जा रहा है, तो फिल्म का विरोध करने के बजाय उन मुद्दों पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए।

### श्रीलंका क्रिकेट ने कहा- हमें रेवेन्यू में नुकसान होगा, पीसीबी ने भरोसा दिलाया- सरकार से बात करेंगे

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच की उम्मीद जगी

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उम्मीद जगी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की है। पीसीबी 15 फरवरी को होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के बहिष्कार के फैसले पर सरकार से बातचीत करेगा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा ने कहा, 'हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।

दरअसल पाकिस्तान सरकार ने एक फरवरी को पीसीबी को टूर्नामेंट में टीम भेजने की मंजूरी तो दे दी थी, लेकिन भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था। भारत-पाक मैच आईसीसी और ब्रॉडकास्टर्स के लिए सबसे बड़ा कमर्शियल मुकाबला माना जाता है, ऐसे में अब इस पर दोबारा बातचीत की संभावना बन गई है।

- **श्रीलंका ने पीसीबी से कहा- इमेज को नुकसान होगा-** इस मुद्दे को लेकर श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा है। इसमें कहा गया है कि भारत-पाक मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत के साथ मिलकर कर रहा है।
- **पाकिस्तान-श्रीलंका के रिश्ते अच्छे-** पाकिस्तान-श्रीलंका के बीच सरकार और क्रिकेट स्तर पर हमेशा अच्छे रिश्ते रहे हैं, इसलिए पीसीबी इस अपील को नजरअंदाज नहीं कर सकता। पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने संपर्क किया। उन्होंने कहा- भारत-पाक मैच नहीं होने पर टिकट बिक्री और हॉस्पिटैलिटी से होने वाली अतिरिक्त कमाई भी खत्म हो जाएगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मोहसिन नकवी ने भरोसा दिलाया है कि वह इस मुद्दे पर सरकार से बात करेंगे। मीडिया में आई यह खबर भी गलत बताई गई है कि पाकिस्तान ने श्रीलंका की अपील खारिज कर दी है। मोहसिन नकवी फिलहाल देश से बाहर हैं और आज लौट रहे हैं। इस मामले पर सोमवार तक फैसला हो सकता है।
- **श्रीलंकाई टीम सिक्योरिटी प्रॉब्लम के बावजूद पाकिस्तान गई थी-** पिछले साल नवंबर में सुरक्षा चिंताओं के बावजूद श्रीलंकाई सरकार ने अपने खिलाड़ियों को पाकिस्तान दौरा पूरा करने का निर्देश दिया था और उस वक्त श्रीलंका ने पाकिस्तान का मजबूती से साथ दिया था। इस वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 3-0 से जीता था।




- **पाकिस्तान सरकार ने कहा था- वर्ल्डकप खेलेंगे, लेकिन भारत से नहीं-** पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने  पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।
- **आईसीसी बोला- पाकिस्तान अपने फैसले पर विचार करे-** आईसीसी ने एक फरवरी को ही देर रात 11 बजे मीडिया रिलीज में कहा, हम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार कर रहे हैं। आईसीसी सरकार के फैसलों का समर्थन करता है, लेकिन पाकिस्तान का फैसला दुनियाभर में क्रिकेट के इकोसिस्टम को प्रभावित करने वाला है। आईसीसी उम्मीद कर रहा है कि पीसीबी अपने फैसले पर फिर से विचार करेगा ताकि दुनियाभर में क्रिकेट का सिस्टम प्रभावित न हो। पाकिस्तान खुद आईसीसी का सदस्य है। हम चाह रहे हैं कि पाकिस्तान किसी तरह सभी स्टेकहोल्डर्स को ध्यान में रखते हुए आखिरी फैसला ले।
- **भारत तय समय पर श्रीलंका जाएगी-** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी को श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।
- **ग्रुप स्टेज में 3 ही मैच खेलेगा पाकिस्तान-** बॉयकॉट के बाद पाकिस्तान और भारत की टीमें ग्रुप स्टेज में 3-3 मैच ही खेलेगी। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ 3 विकेट से मैच जीत चुका है, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। वहीं टीम इंडिया 7 फरवरी को अमेरिका, 12 फरवरी को नामीबिया और 18 फरवरी को नीदरलैंड से भिड़ने वाली है।

# साउथ अफ्रीका और कनाडा पहली बार भिड़ेंगे




**ब्रह्मास्त्र** ›› जोहान्सबर्ग

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का नौवां मुकाबला आज पिछली रनर-अप साउथ अफ्रीका और कनाडा के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला शाम 7:00 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस 6:30 बजे होगा। ग्रुप-डी का यह दूसरा मैच है। दोनों टीमें टी-20 फॉर्मेट में पहली बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले दोनों टीमें सिर्फ एक बार वनडे में भिड़ी हैं। 2003 वर्ल्ड कप के उस मैच में साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 118 रन से हराया था। वॉर्म-अप मैच में साउथ अफ्रीका को भारत से 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, कनाडा को इटली और नेपाल ने हराया था। डी कॉक ने टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक और ऐडन मार्करम पर बड़े स्कोर बनाने की जिम्मेदारी रहेगी, जबकि गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी और कॉर्बिन बॉश जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर टीम भरोसा करेगी। धालीवाल-जफर से होगी कनाडा को उम्मीदें कनाडा के बल्लेबाजों में नवनीत धालीवाल, युवराज समरा और हर्ष ठाकर पर टीम की उम्मीदें रहेंगी। जबकि बॉलिंग में कलीम सना, साद बिन जफर और शिवम शर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पिच रिपोर्ट नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच हाई स्कोरिंग है। यहां 3 बार पहली पारी में 220 से ज्यादा रन का स्कोर बन चुका है। पहले बैटिंग करते हुए 185 रन बनाना विनिंग टोटल है। यहां 8 मैच खेले गए, 5 में पहले बैटिंग करने वाली टीमों को और 3 में चेज करने वाली टीमों को जीत मिली।

## टी-20 वर्ल्डकप- श्रीलंका ने आयरलैंड को 20 रन से हराया




**ब्रह्मास्त्र** ›› अहमदाबाद

श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप में पहला मैच जीत लिया है। टीम ने रविवार के तीसरे मैच में आयरलैंड को 20 रन से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 43 बॉल पर 56 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कमिंडु मेंडिस ने 19 बॉल पर 44 रन बनाए। बैरी मैकॉर्थी और जॉर्ज डॉकरेल को 2-2 विकेट मिले। 164 रन का टारगेट चेज कर रही आयरिश टीम 19.5 ओवर में 143 रन पर ऑलआउट हो गई। महीश तीक्षणा और वनिंदू हसरंगा ने 3-3 विकेट झटके। मथीशा पथिराना को 2 विकेट मिले।

# मियां बैग पैक करके आ जाओ: सूर्या

## सिराज का जवाब- मजाक मत करो, स्पेन जा रहा हूं

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ सबसे ज्यादा 3 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पहले स्क्वाड का हिस्सा नहीं थे। वह स्पेन जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच कप्तान सूर्या ने उन्हें फोन किया और कहा- मिया बैग पैक करके आ जाओ, वर्ल्ड कप खेलना है।

सूर्या की बात को सिराज ने गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने जवाब दिया- मजाक मत करो, मैं फुटबॉल मैच देखने स्पेन जा रहा हूं।

बाद में उन्हें सिलेक्शन कमेटी के सदस्य प्रज्ञान ओझा का कॉल आया और ऊरढ सिराज स्पेन की टिकटें कैंसिल करके टीम इंडिया के साथ जुड़ गए।

**आईपीएल से पहले छुट्टी मनाने जा रहे थे सिराज-** दरअसल टी-20 वर्ल्डकप टीम में चुने नहीं जाने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज रणजी ट्रॉफी में हैदराबाद की कप्तानी कर रहे थे। उनकी टीम नॉकआउट में नहीं पहुंची, इसलिए उन्होंने थोड़ा आराम करने का मन बनाया। वह अगले हफ्ते स्पेन जाकर रियल मैड्रिड और रियल सोसाइदाद का फुटबॉल मैच देखने की तैयारी कर रहे थे। इसके बाद रमजान में परिवार के साथ समय बिताने और फिर आईपीएल की तैयारी करने का इरादा था। इसी बीच हर्षित राणा वॉर्मअप मैच में इंजर्ड होकर टीम से बाहर हो गए। उनकी जगह सिराज को टीम में लिया गया। रात करीब 3 बजे पहुंचे सिराज रात करीब 3 बजे मुंबई पहुंचे। उसी रात उन्होंने विरोधी टीम के बारे में थोड़ी तैयारी की, फिर कुछ देर सोए। सुबह उठते ही मैसेज मिला कि उन्हें अमेरिका के खिलाफ पहले ही मैच में प्लेइंग इलेवन में भी उतारा जाएगा। जसप्रीत बुमराह फिट नहीं हैं।

**जुलाई 2024 में आखिरी टी-20 खेल था-** सिराज ने जुलाई 2024 के बाद कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला था। लेकिन शनिवार को जब उन्होंने नई गेंद से गेंदबाजी शुरू की, तो ऐसा लगा जैसे वह इस फॉर्मेट से कभी दूर ही नहीं रहे। अपने पहले ही स्पेल में दो विकेट लेकर सिराज ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर अमेरिका को 13 रन पर 3 विकेट पर पहुंचा दिया।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय** :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन**:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### डेयरी में करीब पांच प्रतिशत गिरावट

## लगातार 5वें माह विश्व खाद्य कीमतें गिरीं, चावल की महंगाई बनी चुनौती



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की एफएओ रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज हुई। दूध, चीनी और मांस सस्ते हुए हैं, जिससे महंगाई के दबाव में कुछ राहत के संकेत मिले हैं। हालांकि चावल और वनस्पति तेल की कीमतें बढ़ी हैं।

भारत सहित दुनिया भर में महंगाई से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए जनवरी 2026 ने कुछ राहत के संकेत दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज की गई है। दूध, चीनी और मांस जैसे जरूरी उत्पादों के सस्ते होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में नरमी आई है, हालांकि चावल और वनस्पति तेल की बढ़ती कीमतें अब भी चिंता का कारण बनी हुई हैं।

एफएओ का फूड प्राइस इंडेक्स, जो दुनिया भर में कारोबार होने वाले प्रमुख खाद्य उत्पादों की मासिक कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जनवरी 2026 में औसतन 123.9 अंक पर रहा। यह दिसंबर 2025 की तुलना में 0.4 फीसदी कम और पिछले साल की समान अवधि से 0.6 फीसदी नीचे है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल मिलाकर वैश्विक बाजार में राहत के संकेत हैं, लेकिन कुछ जरूरी वस्तुओं की महंगाई आने वाले महीनों में चुनौती बन सकती है। जनवरी में अनाज की कीमतें में दिसंबर 2025 की तुलना में मामूली 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और अनाज मूल्य सूचकांक औसतन 107.5 अंक पर रहा। इस दौरान गेहूं और मक्के की वैश्विक कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिली।

### 2026 की पहली एमपीसी बैठकः गवर्नर मल्होत्रा ने बताई देश की आर्थिक सेहत

# आरबीआई ने नहीं किया ब्याज दरों में बदलाव

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली


आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने द्विमासिक नीति पर मंथन पूरा कर लिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नीतिगत दरों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ब्याज दरों को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया गया है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने घोषणा की कि केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) को ऋण देने की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, यह अनुमति कड़े और विवेकपूर्ण सुरक्षा उपायों के अधीन होगी। गवर्नर ने कहा कि यह कदम इसलिए प्रस्तावित किया गया है क्योंकि अब सूचीबद्ध आरईआईटी के लिए एक मजबूत नियामकीय और गवर्नेंस फ्रेमवर्क मौजूद है, जिससे जोखिम प्रबंधन और पारदर्शिता में सुधार हुआ है। आरबीआई के अनुसार, भारत में आरईआईटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) को मुख्य रूप से पूरे हो चुके या परिचालन में आ चुके रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट्स में बैंकों की पूंजी को मुक्त करने के उद्देश्य से लाया गया था। इन ट्रस्ट्स में परियोजनाओं की फंडिंग संस्थागत और रिटेल निवेशकों द्वारा की जाती है। इसी वजह से अब तक बैंकों को आरईआईटी की फंडिंग से दूर रखा गया था। हालांकि, समय के साथ इनविट्स के मामले में बैंकिंग फंडिंग की अनुमति दे दी गई, लेकिन आरईआईटी को इससे बाहर रखा गया।

**विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव-** आरबीआई ने बताया कि जिन कंपनियों का सीधा आम ग्राहकों से लेनदेन सीमित है और उनका कार्यक्षेत्र भी सीमित है, ऐसे कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाकर देश में विदेशी पूंजी के प्रवाह को बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया गया है।

**किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव करने पर विचार-** किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को बड़ा लाभ मिला है। यह लाभ ज्यादा किसानों तक पहुंचाने के लिए आरबीआई इसके नियमों में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इसका उद्देश्य ज्यादा किसानों तक सस्ते कर्ज को आसानी से पहुंचाना है। आरबीआई इसके बारे में एक पोर्टल जारी करेगा।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से मर्चेंडाइज निर्यात को मिलेगी रफ्तार-** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि हाल में संपन्न भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के मर्चेंडाइज (वस्तु) निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मौद्रिक नीति समिति के अपने बयान में उन्होंने कहा कि जहां सेवा निर्यात मजबूत बना रहने की संभावना है, वहीं अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार सौदे से वस्तु निर्यात में गति आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईयू के साथ व्यापक और ऐतिहासिक व्यापार समझौता, साथ ही न्यूजीलैंड और ओमान के साथ हुए करार, निर्यात के विविधीकरण में मदद करेंगे और देश के बाह्य क्षेत्र को मजबूत बनाएंगे।




### आरबीआई की मौद्रिक नीति से ग्रोथ-इन्फ्लेशन पर भरोसा

एमपीसी के फैसले को देश की ग्रोथ-इन्फ्लेशन स्थिति पर भरोसे का संकेत बताते हुए क्रिसिल के प्रमुख अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि मौजूदा आर्थिक रफ्तार और महंगाई के धीरे-धीरे सामान्य होने से तटस्थ रुख जारी रखने का आधार मजबूत है। जोशी ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि नीति का रुख न्यूट्रल ही रहेगा। दरों में बदलाव न करने का मतलब है कि समिति विकास और महंगाई के नतीजों से संतुष्ट है। अगर नीति वक्तव्य के रुख को देखें तो महंगाई और विकास दोनों के अनुमानों में हल्का इजाफा किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन पहले आए आर्थिक सर्वेक्षण में भी अर्थव्यवस्था की संभावित वृद्धि क्षमता करीब 7 प्रतिशत बताई गई थी, और आरबीआई के अनुमान भी इसी दायरे में हैं।

### एमपीसी फैसला बाजार अनुमान के अनुरूप, विशेषज्ञों की राय

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि नतीजे दरों और नीति रुख दोनों मोर्चों पर पूरी तरह बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप रहे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के लिए महंगाई के अनुमान में मामूली बढ़ोतरी की गई है। हालांकि नई सीरीज के आंकड़ों का इंतजार होने के कारण विकास और महंगाई के अनुमानों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। साथ ही, जिंस कीमतों में तेजी और कमजोर मुद्रा से महंगाई पर ऊपर की ओर जोखिम पैदा हो सकते हैं। भारद्वाज के मुताबिक, इन परिस्थितियों में रेपो दर में आगे अतिरिक्त ढील की गुंजाइश सीमित दिखती है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में आरबीआई का फोकस तरलता मोर्चे पर स्थिरता बनाए रखने पर रहने की संभावना है।

- **डिजिटल धोखाधड़ी पर आरबीआई का बड़ा प्रस्ताव-** डिजिटल भुगतान में बढ़ते धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए आरबीआई ने ग्राहकों को राहत देने की दिशा में एक अहम प्रस्ताव रखा है। आरबीआई ने छोटे मूल्य की धोखाधड़ी वाले लेनदेन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 तक मुआवजा देने का एक ढांचा लाने का प्रस्ताव किया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटल भुगतान से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों पर काबू पाने के लिए अब तक कई कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में केंद्रीय बैंक डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित उपायों में लेयर्ड क्रेडिट लिमिट, और अतिरिक्त प्रमाणीकरण जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। खासतौर पर वरिष्ठ नागरिकों जैसे संवेदनशील वर्गों के लिए अलग और कड़े सुरक्षा प्रावधान लागू करने पर विचार किया जा रहा है।
- **तरलता और बॉन्ड बाजार पर आरबीआई का भरोसा-** आरबीआई ने देश में तरलताकी स्थिति और बॉन्ड मार्केट के रुझानों पर अपना आकलन साझा किया। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि वह अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने के लिए सहायक रुख बनाए रखेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रणालीगत तरलता औसतन प्रतिदिन लगभग 75,000 करोड़ रुपये के स्तर पर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि दिसंबर-जनवरी के दौरान तरलता बढ़ाने के लिए आरबीआई ने कई कदम उठाए।
- गवर्नर ने बॉन्ड मार्केट की स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले आठ महीनों में सरकारी बॉन्ड यील्ड में लगातार सख्ती देखी गई है, जो वैश्विक रुझानों को दशार्ती है। आगे की नीति को लेकर मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई का रुख आगे भी सहयोगात्मक रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक तरलता प्रबंधन में सक्रिय रहेगा ताकि अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। आरबीआई ने दोहराया कि उसकी प्राथमिकता विकास को समर्थन देने के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता बनाए रखना है।
- **आरबीआई की क्या है नई नियामकीय पहल-** आरबीआई ग्राहक संरक्षण को मजबूत करने, वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों व शहरी सहकारी बैंकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के उद्देश्य से नई नियामकीय पहलों को आगे बढ़ाने जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि आगामी सुधारों का फोकस ग्राहक सुरक्षा, उन्नत वित्तीय समावेशन और यूज-बेस्ड रेगुलेशन पर होगा।

### सोयाबीन तेल पर शुल्क कटौती को लेकर असमंजस में उद्योग

# अमेरिका को पशु आहार पर सीमित छूट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका को सूखा अनाज आधारित पशु आहार पर सिर्फ पांच लाख टन का कोटा देकर सीमित शुल्क रियायत दी है, जो कुल घरेलू खपत का केवल एक फीसदी है। सरकार का कहना है कि इससे चारे की लागत स्थिर होगी और मक्का-सोयाबीन पर दबाव घटेगा। वहीं सोयाबीन तेल और पशु चारे पर टैरिफ कटौती को लेकर उद्योग जगत अभी विस्तृत दिशा-निर्देश का इंतजार कर रहा है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण में पशु आहार और सोयाबीन तेल से जुड़े प्रावधानों को लेकर नई तस्वीर सामने आई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका को सूखा अनाज आधारित पशु आहार पर बहुत सीमित रियायत दी गई है। यह छूट कोटा आधारित है और कुल घरेलू खपत का केवल एक छोटा हिस्सा कवर करती है। इससे बाजार और किसानों पर बड़े असर की आशंका को कम बताया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक भारत ने डीडीजीएस यानी सूखा अनाज आधारित पशु आहार पर सिर्फ 5 लाख टन तक शुल्क रियायत दी है। देश में पशु चारे की कुल खपत करीब 500 लाख टन है। इस हिसाब से अमेरिकी कोटा सिर्फ एक फीसदी बैठता है। सरकार का कहना है कि यह आयात घरेलू कमी को पूरा करने और चारे की लागत को स्थिर रखने में मदद करेगा।

**घरेलू बाजार पर दबाव घटाने की तैयारी-** अधिकारियों ने बताया कि डीडीजीएस के सीमित आयात से मक्का और सोयाबीन जैसे कच्चे माल पर दबाव कम होगा। इससे इंसानों के खाने लायक अनाज को पशु चारे में लगाने की जरूरत घटेगी। पोल्ट्री, डेयरी, एक्वाकल्चर और पशुपालन क्षेत्र को लागत में उतार-चढ़ाव से राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इससे खाद्य मुद्रास्फीति को काबू में रखने में भी मदद मिल सकती है।



**बढ़ती मांग के कारण पहले भी हुआ आयात-** पिछले कुछ वर्षों में मांग बढ़ने के कारण भारत को पशु आहार और उससे जुड़े उत्पादों का आयात करना पड़ा है। वर्ष 2021 में घरेलू कीमतों के दबाव के चलते करीब 15 लाख टन सोयाबीन मील आयात किया गया था। छह लाख टन से अधिक पशु आहार श्रीलंका, चीन, अमेरिका, थाईलैंड और नेपाल से आया। इसके अलावा म्यांमार, यूक्रेन, सिंगापुर और यूएई से मक्का तथा अफ्रीकी देशों से सोयाबीन का आयात भी हुआ है।

**सोयाबीन तेल और चारे पर उद्योग सतर्क-** व्यापार समझौते के मसौदे का खाद्य तेल और सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग ने सतर्क स्वागत किया है। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। बदले में भारत अमेरिकी औद्योगिक सामान, सोयाबीन तेल, पशु चारा, अखरोट और कुछ फलों पर शुल्क घटाएगा या खत्म करेगा। हालांकि उद्योग जगत टैरिफ कटौती, कोटा व्यवस्था और गुणवत्ता मानकों के स्पष्ट विवरण का इंतजार कर रहा है।

### बैंकिंग क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

# फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज का भारत के लिए बड़ा एलान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज ने भारत में अपने विस्तार को लेकर दीर्घकालिक रणनीति मिशन 2030 का अनावरण किया है। इस रणनीति के तहत कंपनी रेजिडेंशियल, कमर्शियल और एडवाइजरी सेगमेंट में लग्जरी रियल एस्टेट को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने पर ध्यान देगी। कंपनी का कहना है कि भारत में संपत्ति सृजन, वैश्विक पूंजी निवेश और हाई-नेट-वर्थ तथा अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ लोगों की बढ़ती संख्या के कारण रियल एस्टेट एक अहम एसेट क्लास बन चुका है। अब यह केवल आवास तक सीमित नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल, निवेश और दीर्घकालिक मूल्य से जुड़ा क्षेत्र बन गया है। फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माइकल डब्ल्यू. जल्बर्ट ने कहा कि कंपनी भारत में ब्रांडेड लग्जरी सेगमेंट में ग्राहकों की बेहतर मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कंपनी वर्तमान में 38 देशों में 600 कार्यालयों के साथ काम कर रही है और भारत को लेकर उसकी बड़ी योजनाएं हैं। कंपनी की डायरेक्टर मणि गुप्ता ने कहा कि भारत में ब्रांडेड रेजिडेंस की मांग तेजी से बढ़ रही है। मिशन 2030 के जरिए इन परियोजनाओं को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और संगठित तरीके से विकसित किया जाएगा, जिससे गुणवत्ता और निवेश पर बेहतर रिटर्न सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने दिल्ली की अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लि. के दो प्रमोटरों को बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया है। उनके खिलाफ 1,200 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी का आरोप है। विशेष न्यायाधीश राजेश मलिक की अदालत ने शुक्रवार को एक आदेश में एपीएफपीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक करण ए चानना और उक्त कंपनी की पूर्णकालिक निदेशक अनीता डिंग को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया।

## बजट सत्र का 9वां दिन, आम बजट पर चर्चा होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संसद में बजट सत्र का सोमवार को 9वां दिन है। इससे पहले शुक्रवार को 8वें दिन भारी हंगामे के चलते सभा तीन बार स्थगित कर दी गई थी। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज भी हंगामे के आसार हैं।

शुक्रवार को राज्यसभा में भी प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर तीखी बहस हुई थी। बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे पहले संसद परिसर में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उन्हें गद्दार कह दिया था, जिसके बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। वहीं, ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स आज सुबह 10 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बजट सत्र के लिए आगे की रणनीति तय करने के लिए मिलेंगे।


संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

केंद्रीय मंत्री रवनीत ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें कल सबने बालक कहा। आज ढट की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे। बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर करीब 97 मिनट का भाषण दिया। विपक्षी सांसदों ने स्पीच की शुरूआत में यहां भी हंगामा किया और फिर वॉकआउट कर गए।

### अमेरिका भारत को 25% पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा:

# कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी; रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50% से घटाकर 18% किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25% टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा।

यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे।

### अमेरिका से कितना रिफंड वापस मिल सकता है?

ट्रेजरी के अनुसार अमेरिका ने विदेश से आयातित वस्तुओं पर 2024 में 79 अरब डॉलर का टैरिफ वसूला। 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 194 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका के आयात में भारत की हिस्सेदारी 3.5% है। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60% हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50% टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को? भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25% पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है।

### कृषि मंत्री ने बताया, कहां-कहां एंट्री नहीं दी?

ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी।

### पीयूष गोयल बोले- ट्रेड डील से किसानों की आय बढ़ेगी

अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है।

### अब भारत उन देशों में शामिल, जिन पर सबसे कम टैरिफ

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ठ्ळ्ख से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा- यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।

## रूस बोला- भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं कहा



राजदूत गोर के मुताबिक, ट्रम्प और मोदी की दोस्ती इस डील को पूरा करने में सबसे बड़ी वजह बनी। गोर ने कहा कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। इस व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के रिश्तों का अगला दौर शुरू होगा। इस बीच व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया है कि अमेरिका, भारत से आने वाले सामान पर लगाया गया वह एक्स्ट्रा टैरिफ हटा देगा, जो रूस से तेल खरीदने के बदले सजा के तौर पर लगाया गया था। रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

### उत्तराखंड में टेंपरेचर माइनस 24त्ल, 5 जिलों में आज बर्फबारी:

# राजस्थान के 10 शहरों में सिगंल डिजिट में तापमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तराखंड में आज 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग देहरादून के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24त्ल रहा।

राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर सिंगल डिजिट में रहा। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही। इन शहरों का न्यूनतम तापमान 4.9त्ल और 5त्ल रहा। बिहार के 5 जिलों में आज कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन इलाकों में सुबह और देर रात विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है।9 से 11 फरवरी में हिमाचल प्रदेश में भी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 10 फरवरी को जम्मू कश्मीर, लद्दाख जैसे क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

बिहार के 5 जिलों में आज कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। समस्तीपुर, गोपालगंज, बगहा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिल रहा है। यहां जीरो विजिबिलिटी है। लोगों को गाड़ी की लाइट चालू कर के चलना पड़ रहा है। वहीं दरभंगा घना कोहरा है। लो विजिबिलिटी के कारण ट्रक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई, जिसमें 2 लोग घायल हो गए। अगले कुछ दिनों तक बिहार में मौसम शुष्क रहेगा और धीरे-धीरे तापमान बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में फिलहाल बारिश की संभावना कम है।। सुबह-शाम ठंड महसूस होगी। दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य रहेगा। तापमान में 1-3 डिग्री तक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हाल के दिनों में राज्य के कई हिस्सों में घना कोहरा देखने को मिला था। कुछ स्थानों पर विजिबिलिटी बेहद कम दर्ज की गई थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दियों में कोहरा बनने की मुख्य वजह ठंडी हवा, नमी और हवा की रफ्तार कम होना है। जब रात में जमीन ठंडी हो जाती है और हवा में नमी ज्यादा होती है तो छोटे-छोटे पानी के कण जमा होकर कोहरे बनते हैं।

## फरीदाबाद सूरजकुंड मेला हादसा- 72 दुकानें, 14 झूले बंद:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फरीदाबाद में चल रहे 39वें इंटरनेशनल सूरजकुंड मेले में झूला गिरने से हुए हादसे के बाद करीब 800 परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस घटना में हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी और 12 लोग घायल हुए थे, जिसके बाद पर्यटन विभाग ने मेले के एम्यूजमेंट पार्क सेक्शन को पूरी तरह से बंद कर दिया। हालांकि, मेले के अन्य हिस्से पहले की तरह चलते रहेंगे।

एम्यूजमेंट पार्क सेक्शन में करीब 14 छोटे-बड़े झूले और लगभग 72 दुकानें लगाई गई थीं। हर दुकान पर 2 से लेकर 6 व्यक्ति तक काम कर रहे थे। इस हिस्से में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने वेंडरों को भारी रकम एडवांस में दी थी। कई स्टॉल संचालक कर्ज लेकर सामान खरीदकर मेला स्थल पर पहुंचे थे, लेकिन अब उनकी दुकानें बंद कर दी गई हैं।

दुकानदारों का आरोप है कि पर्यटन विभाग की ओर से उन्हें न तो कोई स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है और न ही अब तक रिफंड या वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर कोई भरोसा दिया गया है। पर्यटन विभाग के डॉ. पार्थ गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि मेला खत्म (15 फरवरी) होने तक एम्यूजमेंट पार्क सेक्शन पूरी तरह बंद रहेगा। इस सेक्शन की दुकानों को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने पर विचार किया जाएगा।

**11 दुकानों के 11 लाख रुपए दिए:** दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर के रहने वाले श्रवण कुमार ने बताया कि उन्होंने मेले में 11 दुकानें किराए पर ली थीं, जिसके लिए 11 लाख रुपए में सहमति बनी थी।

# पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन: नए दस्तावेजों से खुलासा

## रूस की मदद करने का ऑफर दिया था

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए।

एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है। रूसी राजदूत से मिलता था अपराधी एपस्टीन

रिपोर्ट के मुताबिक दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि एपस्टीन न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में रूस के तत्कालीन राजदूत विटाली चुरकिन के साथ नियमित संपर्क में था। विटाली चुरकिन 2006 से 2017 तक संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि रहे। इसी दौरान एपस्टीन की उनसे न्यूयॉर्क में मुलाकातें और बातचीत होती थीं। एपस्टीन ने चुरकिन के बेटे मैक्सिम को न्यूयॉर्क की एक वेल्थ मैनेजमेंट फर्म में नौकरी दिलाने में मदद की पेशकश भी की थी। यह बात एपस्टीन के ईमेल्स में सामने आई है।

एपस्टीन ने चुरकिन को लेकर यह भी दावा किया कि वह उसकी बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बेहतर तरीके से समझने लगे थे। हालांकि दस्तावेजों में इस दावे का कोई सबूत नहीं मिला है। फरवरी 2017 में विटाली चुरकिन की न्यूयॉर्क में अचानक मौत हो गई थी।

इसके बाद एपस्टीन ने 2018 के एक ईमेल में लिखा कि अब वह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए फिर से संपर्क बनाना चाहता है।

### 2013 से ही पुतिन से मुलाकात की कोशिश कर रहा था

दस्तावेज बताते हैं कि मई 2013 में एपस्टीन ने इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक को ईमेल कर कहा था कि यागलैंड पुतिन से मिलने वाले हैं और उन्होंने पूछा है कि क्या एपस्टीन भी पुतिन से मिल सकता है।

एपस्टीन ने दावा किया था कि वह रूस को पश्चिमी देशों से निवेश लेने के तरीकों पर सलाह दे सकता है। एक अन्य ईमेल में उसने कहा कि अगर पुतिन मिलना चाहते हैं तो उन्हें दो से तीन घंटे का समय देना होगा। मई 2013 के ही एक ईमेल में एपस्टीन ने बिना सबूत के यह दावा किया कि उसने सेंट पीटर्सबर्ग में एक आर्थिक सम्मेलन के दौरान पुतिन से मिलने का अनुरोध ठुकरा दिया था। हालांकि दस्तावेजों में यह साफ नहीं है कि पुतिन ने वास्तव में ऐसी कोई मुलाकात चाही थी या नहीं।

### पोलैंड में एपस्टीन और रूस के कनेक्शन जांच शुरू


पोलैंड में जेफ्री एपस्टीन के रूस से कथित संबंधों को लेकर जांच शुरू की गई है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा है कि एपस्टीन और रूसी खुफिया एजेंसियों के संभावित रिश्तों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कैबिनेट बैठक में टस्क ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सामने आ रही जानकारियां इस ओर इशारा करती हैं कि यह यौन शोषण कांड किसी संगठित खुफिया ऑपरेशन का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने इसे पोलैंड की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। रूस ने एपस्टीन के रूसी खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि एपस्टीन को लेकर चल रही जासूसी थ्योरी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।



### कौन था जेफ्री एपस्टीन?

जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है।

## मोदी बोले- आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं: तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का मलेशिया दौरा कर वापस लौट आए हैं। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे। पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी। पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।

### 11 साल बाद केंद्र सरकार के वकीलों की फीस बढ़ी

केंद्र सरकार की ओर से अदालतों में पैरवी करने वाले वकीलों की फीस में करीब 11 साल बाद बढ़ोतरी की गई है। कानून मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग ने इस संबंध में 5 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। नई व्यवस्था के तहत नियमित अपील और बचाव याचिकाओं की अंतिम सुनवाई में पेश होने वाले ग्रुप ए के वकीलों को अब प्रति केस, प्रतिदिन 21,600 रुपए मिलेंगे।

# पाकिस्तान ने मस्क की स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस को लाइसेंस नहीं दिया

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने अरबपति इलॉन मस्क की स्टारलिंक को सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का लाइसेंस फिलहाल नहीं दिया है। सरकार का कहना है कि डेटा सिक्योरिटी, निगरानी व्यवस्था और जियोपॉलिटिकल हालात को लेकर अभी चिंताएं बनी हुई हैं। द ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा है कि स्टारलिंक के जरिए भेजा जाने वाला डेटा पाकिस्तान की मौजूदा मॉनिटरिंग और रेगुलेटरी व्यवस्था को बायपास कर सकता है। इसी वजह से बिना पूरी सुरक्षा जांच के लाइसेंस देने से इनकार किया गया है।सरकार को यह भी चिंता है कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को जरूरत पड़ने पर ब्लॉक करना मुश्किल होगा, खासकर बलूचिस्तान जैसे




# जापान चुनाव में PM तकाइची की बड़ी जीत:उनकी पार्टी ने 465 में से 316 सीटें जीतीं; मोदी ने बधाई दी

ब्रह्मास्त्र ›› टोक्यो

जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (छउ्ढ) ने बड़ी जीत दर्ज की है। इइउ के मुताबिक, छउ्ढ के गठबंधन को 465 में से 352 सीटें मिली हैं। छउ्ढ अकेले 316 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं।

यह पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक मानी जा रही है। इससे पहले 1986 में पार्टी ने 300 सीटें जीती थीं। चुनाव जीतने के बाद ताकाइची ने कहा कि वह जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो विपक्ष के साथ मिलकर काम करेंगी। इस जीत के बाद ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के



बावजूद ढट ताकाइची को कानून पास करने की ताकत मिल गई है। तकाइची की जीत पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा- मुझे विश्वास है आपके कुशल नेतृत्व में हम भारत-जापान मित्रता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।


तकाइची ने चीन के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए सैन्य खर्च बढ़ाया है, आर्थिक पैकेज और टैक्स कटौती की घोषणा की है। उन्होंने खाद्य पदार्थों पर 8% सेल्स टैक्स को दो साल के लिए निलंबित करने का वादा किया है ताकि बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत मिले। रणनीतिक सलाहकार कंपनी एफजीएस ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर सेइजी इनाडा के मुताबिक, ह्यअगर तकाइची बड़ी जीत दर्ज करती हैं, तो उन्हें टैक्स में कटौती जैसे अहम फैसलों को लागू करने की आजादी मिलेगी।


### लोगों ने बर्फबारी की बीच वोट डाले

रविवार को मतदान के दौरान कई इलाकों में बर्फीले तूफान जैसे हालात रहे। परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, दर्जनों ट्रेन सेवाएं रोकी गईं और 230 घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

कई मतदान केंद्रों को समय से पहले बंद करना पड़ा। इसके बावजूद लोग बर्फ और कड़ाके की ठंड में मतदान के लिए पहुंचे। निजी अखबार निक्केई के अनुसार, मतदान खत्म होने से चार घंटे पहले तक टर्नआउट 21.6% रहा, जो 2024 के चुनाव से 2.65 प्रतिशत अंक कम था। पिछले कुछ चुनावों में लोअर हाउस का टर्नआउट करीब 55% के आसपास रहा है। अगर इस बार मतदान और घटता है, तो संगठित वोटिंग ब्लॉक्स का असर और बढ़ सकता है। वोटिंग 289 सिंगल-सीट सीटों पर सीधे मुकाबले से होगी, जबकि बाकी सीटें प्रपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन से तय होंगी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 60 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | नि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | ख | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | वी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| धा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | र्ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | वी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और मेरे पांव भी दबाए...!

0000000

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है। और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

00000000

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया - बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी...!

00000000


एक व्यक्ति घर में पत्नी का आठवीं कक्षा का रिपोर्ट कार्ड मिला।
पता चला कि वो पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र था, जिसपर लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्रा!
पति तब से बंदूक लेकर उस हेडमास्टर को ढूंढ रहा है, जिसने चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# एपस्टीन फाइल्स- 10 देशों में इस्तीफे, 80 की जांच

# अमेरिका से यूरोप तक असर; राजनेताओं, राजदूतों, अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच



**अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं।**

## कौन हैं जेफ्री एपस्टीन



जन्म- 20 जनवरी, 1953 | ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क



पेशा- इन्वेस्टमेंट मैनेजर

पार्टनर- गिस्लेन मैक्सवेल

नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग के गंभीर आरोप लगे




एपस्टीन की हाई-प्रोफाइल पार्टियों में साइंटिस्ट स्टीफन हॉकिंग, बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रम्प, पॉपस्टार माइकल जैकसन, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं।


- **2008** पहली बार फ्लोरिडा में यौन अपराधों के लिए सजा हुई
- **2009** नाबालिग लड़कियों की सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोप में गिरफ्तार
- **2019** न्यूयॉर्क की जेल में रहस्यमयी मौत

# यूरोप में एपस्टीन सुनामी: ब्रिटेन-नॉर्वे के शाही परिवार निशाने पर

## दबाव: ब्रिटेन में सबसे ज्यादा इस्तीफे हुए

एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चैट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और टक्ळ लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया।





## शर्मिंदगी: सरकारों ने दिए जांच के आदेश

एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर ह्यफ्रेश रिव्यूह्ल शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्जे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्किये ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं।

# गेट्स से लेकर पूर्व इजराइली PM तक को अफसोस

कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारित के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजराइल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



**प्राइवेट जेट लोलिता एक्सप्रेस में प्रेमिका गिस्लेन मैक्सवेल, जेफ्री एपस्टीन के पैर दबाते हुए।**

## एपस्टीन फाइल्स में 38 हजार बार ट्रम्प का नाम

एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकॉर्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं।

## 14 साल की लड़की ने की थी पहली शिकायत

2005: फ्लोरिडा की 30 लड़कियों ने दिया बयान फ्लोरिडा में 14 साल की लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई कि एपस्टीन ने मसाज के बहाने यौन शोषण किया। जांच में 30 नाबालिग लड़कियों के बयान मिले।

2006-08: राहत देने वाले एकोस्टा बाद में मंत्री यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने एपस्टीन को फेडरल ट्रायल से बचाने वाली ह्यप्ली डीलह्ल दी। उसे 13 माह की हल्की सजा और दिन में बाहर काम की अनुमति मिली। इस डील को मंजूरी देने वाले अभियोजक एलेक्स एकोस्टा बाद में 2017 में ट्रम्प के पहले कार्यकाल में श्रम मंत्री बने।

2009-15: जेल से बाहर निकला, नेटवर्क सक्रिय डील के बाद एपस्टीन सक्रिय रहा। ह्यलॉलीटा एक्सप्रेसह्ल, निजी द्वीप से जुड़ी गतिविधियों के सबूत एजेंसियों के पास बढ़ते गए, लेकिन कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई।

2017-18: #मीटू आंदोलन से फिर खुला केस #मीटू आंदोलन के बाद पीड़ितों की गवाही और जांच से एपस्टीन के प्रभावशाली संपर्क उजागर हुए।

■ वर्ष-12 अंक-98 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 09 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

**भावार्थ** : दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये॥

**भावार्थ** : किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दुःख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## सम्पादकीयम्

### वयम् आशास्महे यत् न्यायालयस्य

सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपेण अधुना प्रभावितानां जनानां आक्षेपाणां प्रतिक्रियाः, प्रासंगिकदस्तावेजानां च प्रस्तुतीकरणे सुविधा भविष्यति। यद्यपि अस्य वर्गस्य अर्थः लोपः न भवेत् तथापि लघुवस्तूनि अपि प्रायः सामान्यजनानाम् कृते महत्त्वपूर्णानि कष्टानि सृजितुं शक्नुवन्ति। जनानां संख्या एतावता अधिका अस्ति यत् तेषां आक्षेपाणां निराकरणाय पर्याप्तकालस्य धैर्यस्य च आवश्यकता भवति। वयम् आशास्महे यत् न्यायालयस्य निर्णयेन प्रक्रियायाः विषये उत्थापितानां शिकायतां सम्बोधनं भविष्यति तथा च सामान्यजनानाम् मनसि कृत्वा उत्तमव्यवस्था स्थापिता भविष्यति। विपक्षस्य संशयाः। बिहारे एसआईआरस्य प्रथमचरणात् द्वितीयचरणपर्यन्तं एसआईआरविषये सर्वाधिकं शिकायतां पारदर्शिता, इच्छया च अभवत्। यदि विपक्षः शङ्कया पश्यति तर्हि तस्य अनेकाः कारणानि सन्ति। सर्वोच्चन्यायालयेन बहुवारं हस्तक्षेपः कर्तव्यः अभवत्, निर्वाचनआयोगः च जनसमूहं प्रत्यययितुं असफलः अभवत् यत् एस.आइ.आर. वास्तविकं प्रयोजनम्। द्वितीयचरणस्य प्रकाशितानां ११ राज्यानां, केन्द्रशासितप्रदेशानां च मसौदे सूचीतः कुलम् ३६.९ मिलियनं नाम विलोपितम् अस्ति। पश्चिमबङ्गदेशे एव ५८ लक्षं नाम अपसारितम् अस्ति। ये तार्किकविसंगतियुक्ताः इति वर्गीकृताः सन्ति ते बहिष्कृताः भवन्ति। तेभ्यः सर्वेभ्यः स्वविचारं प्रस्तुत्य पुनः मतदाताः भवितुम् पूर्णः अवसरः दातव्यः। प्रक्रिया न्यायपूर्णा भवेत्, नागरिकाधिकारस्य रक्षणं च भवेत्।

### महिन्द्रा बोलेरो क्लासिक बी 4 मार्केट् मध्ये

# एकः सशक्तः विकल्पः अस्ति विश्वसनीयं 7-सीटर एसयूवी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

महिन्द्रा बोलेरो क्लासिकस्य आधाररूपान्तरं बी4, यत् स्वस्य दृढं विश्वसनीयं च रवश कृते प्रसिद्धम् अस्ति, तस्य पुनः ग्राहकानाम् आग्रहः अस्ति । महिन्द्रा २०२५ तमे वर्षे बोलेरो इत्यस्य अद्यतनीकरणं कृतवान् यत्र अनेके तान्त्रिकसुधाराः कृताः। कम्पनी आधुनिक आवश्यकतानां अनुकूलतां कृत्वा बोलेरो क्लासिकस्य दृढप्रतिमां निर्वाहितवती अस्ति। प्रायः दशकद्वयं यावत् भारतीयविपण्ये सरलतायाः स्थायित्वस्य च कृते प्रसिद्धः बोलेरो ग्राम्यनगरेषु च लोकप्रियः अस्ति

महिन्द्रा बोलेरो क्लासिक बी ४ वेरियन्ट् इत्यस्य प्रारम्भिकं पूर्वशोरूममूल्यं प्रायः ७.९९ लक्षं भवति। अस्मिन् मूल्ये ग्राहकानाम् कृते ७-सीटर-एसयूवी-इत्यस्य दृढस्य व्यावहारिकस्य च विकल्पः अस्ति। यद्यपि अस्मिन् आधाररूपान्तरे केषाञ्चन उन्नतविशेषतानां अभावः अस्ति, यथा टचस्क्रीन् इन्फोटेन्मेण्ट् सिस्टम्, स्टीयरिंग-माउण्टेड् नियन्त्रणानि च, तथापि कम्पनीयाः वाहनस्य दृढता, कार्यक्षमता च निर्वाहिता अस्ति

बोलेरो क्लासिक बी ४ इत्यस्मिन् ७ आसनानां विशालः केबिन् अस्ति, यः परिवाराणां दीर्घयात्राणां च कृते आदर्शः अस्ति। अस्य वाहनस्य चालनं १.५ लीटर डीजल इञ्जिनं भवति यत् ७४.९ अश्वशक्तिं २१० एनएम टोर्क च उत्पादयति। इदं इञ्जिनं ५-गति-मैनुअल्-गियार्बॉक्स्-सङ्गतम् अस्ति, यत् उत्तमं नियन्त्रणं, कार्यक्षमतां च प्रदाति। कम्पनी अस्मिन् मॉडल् मध्ये उन्नत सवारी तथा नियन्त्रणप्रौद्योगिकी समावेशितवती अस्ति। महिन्द्रा दावान् करोति यत् एषा प्रौद्योगिक्याः बोलेरो-वाहनस्य उत्तमं संतुलनं, रूक्ष-विषम-मार्गेषु अपि आरामदायकं सवारीं च प्राप्यते। एतत् विशेषता ग्राम्यक्षेत्रेषु दूरस्थेषु च क्षेत्रेषु उपयोगाय उपयुक्तं करोति।

डिजाइनस्य दृष्ट्या बोलेरो क्लासिक बी ४ इत्यस्मिन् कृष्णवर्णीयः अग्रे ग्रिलः, १५-इञ्च् इस्पातचक्राणि, स्पेयरचक्रकवरः, पार्श्वक्लैडिंग् च सन्ति। आन्तरिकभागे विनाइल-असबाबः अस्ति, यत् दृढं स्थायित्वं च मन्यते। तदतिरिक्तं वाहनस्य वातानुकूलनम्, हीटरं च, पावरस्टीयरिंग, डिजिटल इन्स्ट्रुमेण्ट् क्लस्टरः, दूरस्थं ईंधनस्य ढक्कनं उद्घाटनं च इत्यादीनि विशेषतानि सन्ति। अस्मिन् मॉडले सूक्ष्म-संकर-प्रारम्भ-विराम-प्रौद्योगिकी अपि अस्ति, यत् ईंधनस्य रक्षणाय सहायकं भवति।

### मृणालस्य पदेन

## सामाजिकमाध्यमेषु स्वास्थ्यजागरूकताया विषये नूतना चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मानव छाबरा तस्याः सशक्तं भवितुं शीघ्रमेव स्वस्थतां प्राप्तुं च कामनाम् अकरोत्। अभिनेत्री गौआहरखानः अपि मृणालस्य समर्थनं प्रकटयन् तस्याः शीघ्रं स्वस्थतायाः कामनाम् अकरोत्।

मृणालस्य पदेन सामाजिकमाध्यमेषु स्वास्थ्यजागरूकतायाः विषये नूतना चर्चा उत्पन्ना अस्ति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् डरमोइड् पुटी इत्यादीनां समस्यानां प्रारम्भिकपदे प्रायः निदानं न भवति यतोहि तेषां लक्षणं सामान्यकालवेदनायाः अथवा हार्मोनलसमस्यानां अनुकरणं करोति अतः नियमितरूपेण चिकित्सापरीक्षा, शरीरस्य संकेतेषु ध्यानं च महत्त्वपूर्णम् अस्ति।

डिजिटलजगति सक्रियः मृणालपाञ्चालः अपि जनानां सह स्वस्य अनुभवं साझां कृतवती यत् सामाजिकमाध्यमेषु प्रदर्शितस्य सम्यक जीवनस्य, फिटनेसस्य च पृष्ठतः प्रायः वास्तविकचुनौत्यं निहितं भवति इति व्याख्यायते। सा करुणायाः, स्वशरीरस्य अवगमनस्य च आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तवती। सा जनान् आग्रहं कृतवती यत ते मानसिकं शारीरिकं च स्वास्थ्यं प्राथमिकताम् अददात्, अत्यधिकं कार्यदबावं, बाह्यरूपं च परिहरन्तु। मृणालपाञ्चालस्य साहसिकस्वीकारस्य सामाजिकमाध्यमेषु सकारात्मकप्रतिक्रियाः प्राप्यन्ते, जनाः च स्वास्थ्यजागरूकतायाः महत्त्वपूर्णं सोपानं मन्यन्ते। तस्याः अनुभवेन विशेषतः युवानः महिलाः च स्वास्थ्यसचेतनाः भवितुम्, समये चिकित्सां च प्राप्तुं प्रेरिताः सन्ति। सम्प्रति मृणालः शल्यक्रियायाः अनन्तरं स्वस्थतां प्राप्नोति, सा च स्वस्य अनुयायिभ्यः आश्वासनं दत्तवती यत् सा शीघ्रमेव पूर्णतया स्वस्थः भविष्यति।

## अग्नि-३ इत्यस्य क्षमता चीन-पाकिस्तान-इत्यादीनां समीपस्थदेशानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सामरिकविशेषज्ञाः वदन्ति यत् एतादृशाः सफलाः परीक्षणाः वर्तमानवैश्विकक्षेत्रीयसुरक्षापरिदृश्ये भारतस्य रक्षासज्जतां प्रदर्शयन्ति। अग्नि-३ इत्यस्य क्षमता चीन-पाकिस्तान-इत्यादीनां समीपस्थदेशानां विरुद्धं भारतस्य सामरिकस्थानं सुदृढं करोति। यद्यपि भारतस्य रक्षानीतिः रक्षात्मकः सन्तुलितः च इति मन्यते तथापि एतादृशाः प्रौद्योगिक्याः उन्नतयः देशस्य सुरक्षां सुनिश्चित्य महती भूमिकां निर्वहन्ति। रक्षाविशेषज्ञाः अपि अवलोकितवन्तः यत् भारतं निरन्तरं स्वस्य क्षेपणास्त्रप्रौद्योगिक्यां सुधारं कुर्वन् अस्ति तथा च अत्याधुनिकमार्गदर्शनप्रणालीनां विकासे, सटीकलक्ष्यसङ्गतिप्रविधिषु च केन्द्रीभूता अस्ति। अग्नि-३ इत्यस्य सफलपरीक्षणं सूचयति यत भारतं भविष्ये अधिक उन्नत-क्षेपणास्त्र-प्रणालीनां विकासाय तीव्रगत्या प्रगतिम् करोति।

## राशिफल

**मेष** : कोई आपकी सहनशक्ति की परीक्षा ले सकता है, लेकिन इससे आपकी असली पहचान नहीं बदलेगी।

**वृषभ** :आज शांति पाने के लिए किसी से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। आप अपनी शक्तियों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मिथुन** : जो स्पष्टता मिलेगी, वह एकांत जगह पर मिलेगी, जहां शोर-शराबा ना हो। आज थोड़ी देर खुद को रोकें।

**कर्क** : पेशेवर अवसर उन कामों में बेहतर होंगे जो आपके कौशल और विशेषज्ञता पर आधारित हों।

**सिंह** : हालांकि ये चीजे आपकी पहचान तय नहीं करेंगी, जो पहले बहुत जरूरी लगता था, अब वह महत्वहीन लगेगा।

**कन्या** : आज आपका समझदारी वाला पक्ष सामने आएगा। दूसरों के साथ-साथ खुद के साथ भी दयालु रहें।

**तुला** : आम तौर पर आप अपनी भावनाओं को अंदर ही अंदर दबा लेते हैं, लेकिन यह सही नहीं है।

**वृश्चिक** : जब आप उन भ्रमों को छोड़ देंगे जो सच नहीं हैं, तो आपके लिए नई संभावनाओं और विकास की जगह बनेगी।

**धनु** : आज आपको बात करने के बजाय चीजों को देखकर सीखने का मौका मिलेगा। अपने मन में सोचें, वाह, कितना अजीब है!

**मकर** : शांत रहना कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समझदारी है। अपनी ऊर्जा को बर्बाद करने की कोई जरूरत नहीं है।

**कुंभ** : चाहे काम का मामला हो या पर्सनल , आप अपनी सच्चाई बताएंगे। अपनी सच्चाई बोलने से आपको राहत मिलेगी।

**मीन** : भावनात्मक रूप से आप किसी और का भारी बोझ नहीं उठा सकते। आप किसी ऐसे व्यक्ति के लिए खुश रह सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# महाशिवरात्रि पर बदलेगी 3 ग्रहों की चाल, ये 7 राशियां बनेंगी मालामाल

महाशिवरात्रि 2026 इस बार रविवार, 15 फरवरी को पड़ रही है और इसे ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। इस दिन तीन महत्वपूर्ण ग्रह अपनी चाल बदलेंगे, जो सभी राशियों के जीवन पर प्रभाव डालेंगे। मंगल श्रवण नक्षत्र से निकलकर धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, वहीं चंद्रमा शनि की राशि मकर में गोचर करेंगे।

साल 2026 में महाशिवरात्रि रविवार, 15 फरवरी को मनाई जाएगी और यह दिन इस बार सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल की महाशिवरात्रि विशेष इसलिए है क्योंकि इस दिन तीन बड़े ग्रह अपनी चाल में बदलाव करेंगे। मंगल श्रवण नक्षत्र से निकलकर धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, चंद्रमा शनि की राशि मकर में गोचर करेंगे और बुध ग्रह रात में शतभिषा नक्षत्र से पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे।

इतना ही नहीं, इस दिन बुध ग्रह अपनी दिशा बदलकर दक्षिणावर्ती से उत्तरवर्ती होंगे, जिसे ज्योतिष में काफी शुभ माना जाता है। इन ग्रहों की चाल में बदलाव का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन विशेष रूप से सात राशियों के लिए यह दिन बेहद फलदायी साबित होगा। कहा जाता है कि इस अवसर पर शिव की विशेष कृपा इन राशियों के ऊपर रहेगी और उनके जीवन में धन, सफलता और समृद्धि के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए यह समय नई ऊर्जा और सकारात्मक अवसर लेकर आएगा। करियर और व्यवसाय में अचानक लाभ मिलने की संभावना है और लंबे समय से रुके हुए काम इस समय पूरे हो सकते हैं। घर में सुख-शांति बनी रहेगी और परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। धन की स्थिति मजबूत रहेगी और आपकी मेहनत का फल जल्दी ही दिखाई देगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन लंबे काम और तनाव से बचने के लिए थोड़ा आराम लेना आवश्यक होगा। इस समय किसी नए निवेश या पैसे से जुड़े निर्णय सोच-समझकर लें, ताकि भविष्य में फायदे के अवसर बनें।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय बदलाव और सफलता लेकर आएगा। नौकरी या व्यवसाय में कोई बदलाव आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास सफल रहेंगे और मनोवांछित परिणाम मिलेंगे। परिवार में प्रेम और सहयोग बना रहेगा और मानसिक तनाव कम रहेगा। आप खुद को आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। इस समय नए कौशल सीखना या किसी प्रशिक्षण में भाग लेना भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय बेहद शुभ रहेगा। घरेलू मामलों में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और माता-पिता या बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिलेगा। वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और पुराने आर्थिक तनाव दूर होंगे। यात्रा के लिए यह समय अनुकूल है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन समय-समय पर आराम करना आवश्यक है। परिवार के साथ अधिक समय बिताने से मानसिक शांति और खुशियों में वृद्धि होगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय करियर में लाभ और समाज में मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। पुराने निवेश या संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है। शिक्षा और बच्चों के मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। मित्र और परिवार का सहयोग आपके लिए सहायक रहेगा। व्यापार या नौकरी में नए प्रस्तावों पर ध्यान दें, क्योंकि इस समय लाभ की संभावना अधिक है।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए यह समय नए अवसर और खुशियाँ लेकर आएगा। जीवनसाथी और परिवार के साथ संबंध मजबूत रहेंगे। व्यापार या पेशेवर क्षेत्र में नई योजनाएं सफल होंगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और मानसिक संतुलन बना रहेगा। यात्रा और शौक के लिए समय अनुकूल है। इस समय अपने लक्ष्यों को लिखकर प्राथमिकता देना लाभकारी साबित होगा।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए यह समय भावनात्मक और आर्थिक रूप से सशक्त रहने वाला है। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं और परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। धन लाभ के नए अवसर सामने आएंगे और नए काम शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल है। दोस्तों और सामाजिक संपर्कों में वृद्धि होगी। अपने विचारों और योजनाओं को लिखकर उनका पालन करना इस समय लाभकारी रहेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। पुराने कर्ज या परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। शिक्षा और कौशल क्षेत्र में सफलता मिलेगी और मित्र व परिवार का सहयोग आपके लिए सहायक साबित होगा। वित्तीय मामलों में साफ-सफाई और रिकॉर्ड रखना भविष्य में फायदे का कारण बनेगा। इस समय अपने प्रयासों को सही दिशा में लगाने से लंबे समय के लिए लाभ सुनिश्चित होगा।

## खबर एक नजर...

### केन्द्रीय जेल में पास्को की सजा भुगत रहे बंदी की मौत

उज्जैन। पास्को एक्ट मामले में 20 साल की सजा भुगत रहे बंदी की रविवार सुबह केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में सीने में दर्द उठने के बाद मौत हो गई। उसे जेल स्टॉफ द्वारा जिला अस्पताल चरक भवन भेजा गया, जहां वैधानिक कार्रवाई के बाद शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। जेल अधीक्षक मनोज साहू के अनुसार बंदी झांगा उर्फ झांगू पिता बाबू 37 साल निवासी बडलीपाड़ा थाना बदनावर जिला धार का रहने वाला था। उसे बदनावर सब जेल से 16 नवम्बर 2025 को केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में स्थानांतरित किया गया था। उसे 20 साल की सजा हुई थी, लेकिन 7 माह 17 दिन की सजा ही पूरी हो पाई थी। बंदी की मौत होने पर परिजनों को सूचना दी गई थी। बदनावर से परिजन उज्जैन पहुंचे थे, शाम को शव अंतिम संस्कार के लिये परिजन बदनावर ले गये है।

### रात 11.30 बजे फांसी के फंदे पर लटका मिला मिस्त्री

उज्जैन पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड स्थित शिवमंदिर के पास रहने वाले गगन पिता हेमराज जूनवाल 33 साल ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। रात 11.30 बजे मां सुमित्राबाई उसके कमरे में पहुंची तो उसे लटका देखा। परिवार और आसपास के लोगों की मदद से नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान परिजनों ने बताया कि मिस्त्री का काम करता था। रात में घर लौटा था और खाना खाने के बाद कमरे में चला गया था। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक विवाद या आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### सल्फास खाने वाले युवक की नहीं बच पाई जान

उज्जैन। पानबिहार चौकी क्षेत्र के रहने वाले सचिन पिता गोरधन चौहान 23 साल ने शनिवार शाम जहरीला पदार्थ सल्फास खा लिया था। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। जहां से परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गये थे। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर रविवार सुबह माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सचिन ने सल्फास खाया था। लेकिन उसने ऐसा कदम क्यों उठाया पता नहीं है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये पानबिहार चौकी थाना घट्टिया को भेजी जायेगी, उसके बाद ही आत्महत्या की वजह सामने आ पायेगी।

### दुकान मालिक और किरायेदार के बीच चले लात-घूंसे

उज्जैन। हरसिद्धी मार्ग पर रहने वाले साहेब पिता अमरीक वधावन द्वारा कहारवाड़ी क्षेत्र में पंकज पिता कन्हैयालाल मारू निवासी गणेश टेकरी को दुकान किराये पर दी है। पंकज भक्ति भंडार की दुकान संचालित करता है। शनिवार-रविवार रात साहेब दुकान का किराया मांगने के लिये पहुंचा था, जहां उसका पंकज से विवाद हो गया, कहासुनी लात-घूंसों में बदल गई। मामला महाकाल थाने पहुंचने पर पंकज ने आरोप लगाया कि साहेब और उसके साथियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। वहीं साहेब का कहना था कि किराया मांगने पर मारपीट की गाली-गलौच की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

8 9 0

---

### महानंदानगर और बसंत विहार कालोनी में चोरी की वारदात

# नकाबपोशों ने युवती के साथ मिलकर तोड़े 2 मकान के ताले





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बैंक असिस्टेंट मैनेजर और बिजनेस करने वाले परिवार के सूने मकानों पर शनिवार-रविवार रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश स्कूटी पर सवार होकर आये थे, जिनकी संख्या तीन थी। जिसमें एक युवती शामिल होना सामने आई है। तीनों ने नकाब ओढ़ रखा था।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में विकास पिता गोपाल पंवार का मकान बना हुआ है। वह इंदौर केनरा बैंक में असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर है। मकान में माता-पिता रहते है, जो विदिशा गये हुए थे। मकान पर ताला लगा हुआ था। शुक्रवार-शनिवार रात उनके मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह आपास के लोगों ने विकास को ताला टूटने की जानकारी दी। वह ड्युटी खत्म होने पर शनिवार देर शाम उज्जैन पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। रात का समय होने पर पुलिस ने मकान पर दूसरा ताला लगवा दिया और रविवार सुबह जांच की बात कहीं। विकास पंवार इंदिरानगर में रहने वाले रिश्तेदार के यहां चले गये। रविवार सुबह फिर पड़ोसियों ने ताला टूटा होने की जानकारी दी। विकास तत्काल ही बसंत विहार पहुंच गये। इस दौरान सामने आया कि बदमाशों ने करीब डेढ़ किलो चांदी के साथ सोने के आभूषण और डेढ लाख रुपए नगद चोरी किये है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस बसंत बिहार में जांच कर रही थी, तभी पता चला कि शनिवार-रविवार ही महानंदानगर में रहने वाले बिजनेस मैन राजेन्द्र भार्गव के मकान का भी ताला टूटा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान सामने आया कि राजेन्द्र जैन पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव के भाई है। जो 10 दिनों से परिवार के साथ पूणे गये हुए है। भाई के मकान में चोरी का पता चलते ही दिलीप भार्गव महानंदानगर पहुंच गये थे। आशंका जताई कि बदमाशों ने आभूषणों के साथ नगदी चोरी की है। उक्त मामले में भी पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया और जांच के लिये फिगंर प्रिंट टीम को बुलाया। परिवार के पूणे से लौटने पर चोरी के सामान का आकंलन किया जायेगा।

#### महानंदानगर में मिले बदमाशों के फुटेज

पुलिस ने महानंदानगर के सी सेक्टर में रहने वाले राजेन्द्र भार्गव के मकान में हुई चोरी के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान सामने आया कि बदमाश स्कूटी पर सवार होकर रात 2 बजे बाद पहुंचे थे। स्कूटी पर तीन लोग सवार थे, जिन्होने पेंट शर्ट, जैकेट के साथ चेहरे पर नकाब ओढ़ रखा था। तीनों में एक युवती शामिल है। स्कूटी से उतरने के बाद युवती ने अपने साथी के बेग से ताला तोड़ने का औजार निकाला और दूसरे को दिया। ताला तोड़ने के बाद तीनों अंदर पहुंचे और करीब एक घंटे बाद बाहर निकले। पुलिस को आशंका है कि तीनों बदमाशों ने बसंत बिहार में भी चोरी को अंजाम दिया है। आगे के फुटेज खंगालने पर तीनों महामृत्युंज्य द्वार की ओर तक जाते दिखाई दिये है। पुलिस उनकी स्कूटी का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। संभावना है जल्द तीनों का पता लगा लिया जायेगा।

### कार का पीछा कर बालिकाओं को किया दस्तयाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इको कार से आये 2 युवकों ने दो चचेरी बहनों को बैठाया और भाग निकले। परिजनों ने अज्ञात युवकों द्वारा बालिकाओं का अपहरण करने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज देख कार का पीछा किया और 24 घंटे में दोनों बालिकाओं को दस्तयाब कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम अजडावदा में रहने वाले परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 6 फरवरी की दोपहर उनके घर के सामने इको कार क्रमांक एमपी 13 झेड व्हाय 5096 आई थी। जिसमें 2 युवक सवार थे। कुछ देर खड़े रहने के बाद दोनों युवक उनकी एक 16 वर्षीय और दूसरी 17 वर्षीय बालिका को बैठाकर भाग निकले है। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर कार को ट्रेस किया गया। टोल नाकों के फुटेज देखे गये, कार सांवरिया सेठ मंदिर के रास्ते पर जाती दिखाई दी। जिसका पीछा किया गया और 24 घंटे में तलाश कर शनिवार रात दोनों बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। कार को जप्त कर हर्षराज पिता अमृतलाल निवासी बडनगर और दीपक पिता नंदराम निवासी ग्राम भेरुपचलाना को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। 24 घंटे में दोनों बालिकाओं को तलाशने में एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, सज्जनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक पुष्पराजसिंह, शैलेन्द्रसिंह सिसोदिया, परमिदंर यादव, आरक्षक राजेश सोयल, महिला आरक्षक सीमा सिंगाड का सहयोग रहा।

### करंट लगने के बाद मजदूर को पड़ा दिल का दौरा

#### पोस्टमार्टम के बाद बंगाल ले जाया गया शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पश्चिम बंगाल से आये मजदूर को उंगली में करंट लग गया, उसने बचाव-बचाव की आवाज लगाई। चरक अस्पताल लाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों ने आशंका जताई कि दिल का दौरा भी पड़ा है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पश्चिम बंगाल ले जाया गया है।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि रात में बड़नगर मार्ग मोहनपुरा के पास चल रहे ब्रिज निर्माण कार्य में पश्चिम बंगाल से आये मजदूर राधानाथ पिता बिस्सु हंसदा 35 साल को साथी मजदूर चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख सूचना दी। मजदूर की मौत होने पर पुलिस अस्पताल पहुंची तो सामने आया कि वह वाइब्रेट मशीन चला रहा था, उसी दौरान बचाव-बचाव चिलाया और बेसुध हो गया था। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। उसके साथ भाई और अन्य मजदूर आये थे, जो शव अंतिम संस्कार के लिये पश्चिम बंगाल लेकर गये है। आशंका है कि उसे दिल का दौरा पड़ा था। वहीं साथी मजदूरों ने बताया कि मशीन चलाते समय उंगली में करंट लगा था, संभवतः उसी के चलते दिल का दौरा पड़ा है। पुलिस के अनुसार मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल पायेगी। गौरतलब हो कि शहर में सिंहस्थ 2028 के चलते कई निर्माण कार्य चल रहे है। जिसमें काम के लिये बाहर से मजदूर आये हुए है। कुछ दिनों पहले ही नानाखेड़ा पर इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन ब्रिज निर्माण के दौरान सरियों के नीचे दबने से झारखंड के मजदूर की मौत हो गई थी। एक माह पहले भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के अम्बोदिया क्षेत्र में नेपाल के मजदूर पर निर्माण कार्य के दौरान मशीन का डाला टूटकर गिर गया था और उसकी मौत होना सामने आया था। निर्माण के दौरान ठेकेदारों द्वारा बिना संसाधन उपलब्ध कराये मजदूरों से काम कराया जा रहा है, जिसके चलते उनकी मौत के मामले सामने आ रहे है।

### जज्बा देख थाना प्रभारी ने पहनाई पुलिस मित्र जैकेट

# जीरो पाइंट ब्रिज पर चैकिंग में बच्चे बोले धीरे चलाये वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जीरो पाइंट ब्रिज पर रात के समय लगातार दुर्घटना होना सामने आ रहा है। रविवार रात पुलिस ने चैकिंग पाइंट लगाया, इस दौरान तीन बच्चों ने भी सहयोग देने की बात कहीं। बच्चों का जज्बा देख थाना प्रभारी ने उन्हे पुलिस मित्र की जैकेट पहना दी।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर रात 8.30 बजे के लगभग जीरो पाइंट ब्रिज पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये टीम के साथ पहुंची थी और चैकिंग पाइंट लगाया था। इसी दौरान हीरामिल क्षेत्र में रहने वाले कक्षा चौथी में अध्ययनरत उबेर पिता इमरान, विनायक पिता नरेन्द्र बैंडवाल और कक्षा 8 वीं का छात्र अमन पिता कमल बंशीलाल चैकिंग पाइंट पहुंचे। उन्होने बताया कि वह हर दिन शाम को दुर्घटना होती देखते है। वह भी पुलिस के साथ चैकिंग में शामिल होकर वाहन चालकों को गाड़ी धीरे चलाने के लिये बताना चाहते है। तीनों का जज्बा देख थाना प्रभारी ने उन्हे चैकिंग में शामिल करते हुए पुलिस मित्र की जैकेट पहना दी। तीनों छात्रों ने वाहन चलाकों से अपनी करते हुए कहा कि गाड़ी धीरे चलाये, शराब का नशा ना करें। तीनों करीब 2 घंटे तक पुलिस मित्र बनकर चैकिंग में सहयोग करते रहे।



#### 3 फरवरी की रात हुई थी भयावह

**दुर्घटना–** जीरो पाइंट ब्रिज पर 3 फरवरी की रात भयावह दुर्घटना हुई थी। एक्टिवा सवार सूरज अग्निहोत्री निवासी पंवासा की मौत हो गई थी, उसका साथी अंकित उर्फ कान्हा गंभीर घायल हुआ था। देवासगेट पुलिस ने मामला दर्ज कर एक्टिवा को टक्कर मारने वाली तेज रफ्तार इनोवा कार को 500 कैमरे देखने के बाद ट्रेस कर नानाखेड़ा क्षेत्र से जप्त करते हुए चालक हर्षवर्धन उर्फ नानू उर्फ जय पिता संग्रामसिंह सोलंकी निवासी देवास हाल मुकाम महाशक्तिनगर को हिट एंड रन मामले में रविवार को गिरफ्तार किया। वहीं ब्रिज पर दुर्घटना रोकने के लिये चैकिंग पाइंट लगाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com